हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.8 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री




16 भोरमदेव मंदिर में राज्यपाल ने की विशेष पूजा-अर्चना



16 जोरदार बारिश के साथ सितंबर में 200 मिमी....

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# संजीवनी एंबुलेंस सेवा का टेंडर फिर रद्द, 10 करोड़ के डिपॉजिट का आ रहा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपात स्थिति में मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने निशुल्क एंबुलेंस सेवा के संचालन के लिए एजेंसी तय करने का काम विभाग पूरा नहीं कर पा रहा है। टेंडर में शामिल 10 करोड़ की अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट का नियम छोटी कंपनियां पूरा नहीं कर पा रही हैं, जिसकी वजह से जारी टेंडर को दूसरी बार निरस्त करना पड़ा है। टेंडर जारी करने की जिम्मेदारी उठा रहे जिम्मेदार पुरानी कमियों को दूर करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। राज्य में 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा योजना के तहत सरकारी एंबुलेंस का संचालन करीब दस साल तक एक कंपनी द्वारा किया गया था। वाहनों के पुराने होने के बाद नियम में बदलाव किया गया और वर्ष 2019 में एंबुलेंस सेवा की जिम्मेदारी जय अंबे इमरजेंसी सर्विस को मिली। नियम के मुताबिक कंपनी अपने साथ 328 नयी एंबुलेंस लेकर आई थी। संबंधित कंपनी अपनी सेवा अवधि पूरी करने के बाद पिछले एक साल से टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी उठा रही है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग और ▶▶|शेष पेज 15 पर

अलग खबर

## तकनीकी दिक्कतों को दूर किए बिना जारी हुआ था टेंडर, एक कंपनी ही शामिल हुई

### कबाड़ी भी नहीं खरीद रहे

राज्य में दस साल तक बेइंतहा दौड़ने के बाद खराब हो चुकी 108 की सरकारी एंबुलेंस को नई एजेंसी तय करने के बाद डंप कर दिया गया था। स्वास्थ्य केंद्रों में खड़ी इन गाड़ियों के पार्ट्स और इंजन गायब हो गए। जिला स्तर पर उन पुरानी गाड़ियों को बेचने के लिए कबाड़ी की तलाश अब तक पूरी नहीं हो पाई है। विभागीय अफसरों का कहना है कि दस साल चलने और छह साल बिना उपयोग के पड़ी इन एंबुलेंस के ढांचे को कबाड़ी भी खरीदने को तैयार नहीं हैं।



### शिकायत भी आ रही

मरीजों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाने वाली एंबुलेंस के सही समय पर मरीजों तक नहीं पहुंचने संबंधी शिकायत आने लगी है। दूरवर्ती जिलों में भौगोलिक परिस्थिति और पहुंच विहीन इलाका होने की वजह से एबुलेंस मरीज तक नहीं पहुंच पाई है। इसे लेकर कई बार विभागीय अफसरों की जवाबदेही भी तय की जा चुकी है।

## गुटखा कारोबार करने तीन महीने में जगह बदल देता था, दुर्ग में पकड़ा गया

# छापों के बाद शहर बदलकर करता रहा सितार गुटखे का कारोबार, जीएसटी ने अब दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेट जीएसटी ने राजनांदगांव तथा दुर्ग में छापे की कार्रवाई कर सितार गुटखा के मालिक गुरुमुख जुमनानी को गिरफ्तार किया है।



जुमनानी के खिलाफ बगैर पंजीयन चार वर्षों से गुटखा निर्माण कर बेचने तथा टैक्स चोरी करने का आरोप है। दो माह पूर्व 25 तथा 27 जून को स्टेट जीएसटी की टीम ने जुमनानी के राजनांदगांव तथा दुर्ग स्थित फैक्ट्री में छापा मारा था। जुमनानी द्वारा 15 मशीनों से गुटखा निर्माण कराते पाया गया। इसके बाद उसे नोटिस जारी कर पूछताछ करने तलब किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं देने, जांच में सहयोग नहीं करने पर जुमनानी को स्टेट जीएसटी के अफसरों ने गिरफ्तार किया है। ▶▶|शेष पेज 15 पर

### पूर्व में दो करोड़ का कच्चा माल जब्त

कारोबारी के ठिकानों से एक साल के भीतर स्टेट जीएसटी की टीम ने राजनांदगांव तथा दुर्ग में दो अलग-अलग छापे की कार्रवाई करते हुए गुटखा बनाने का दो करोड़ रुपए का रॉ मटेरियल जब्त किया था। आरोप है कि जुमनानी कार्रवाई होने के बाद मशीनों का नट बोल्ट खोल कर मशीन को दूसरी जगह शिफ्ट कर टिन शेड के नीचे गुटखा निर्माण कराने का काम करता था।



### हर तीन महीने में स्थान बदल देता था

स्टेट जीएसटी के अफसरों के अनुसार गुरुमुख कार्रवाई से बचने हर तीन महीने में गुटखा बनाने की फैक्ट्री का स्थान बदल देता था। दो वर्ष पूर्व रायपुर में कार्रवाई के बाद वह दुर्ग के नंदनी तथा राजनांदगांव में अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित कर रहा था। अफसरों के अनुसार फैक्ट्री का संचालन वह कारोबारी दिन की जगह रात में करवाता था।

### रोजाना 25 लाख का कारोबार

जीएसटी की जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक गुरुमुख रोजाना 25 लाख रुपए के गुटखा का कारोबार करता था। इस तरह से उसके द्वारा प्रतिमाह साढ़े सात करोड़ रुपए के गुटखा का बिजनेस किया जा रहा था। गुटखा फैक्ट्री संचालित करने कारोबारी स्थानीय की जगह मध्यप्रदेश से मजदूर बुलाकर काम करवाता था। काम करने आए मजदूरों को फैक्ट्री से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती थी। स्टेट जीएसटी के आरोपों के मुताबिक कारोबारी मजदूरों को बंधक बनाकर काम करवाता था।

### गुटखा का कारोबार करने सुपारी का काम

अफसरों के अनुसार गुरुमुख का बेटा सागर का कोमल फूड के नाम से सुपारी का दुर्ग में थोक कारोबार है। सागर सुपारी की बिक्री दर्शाकर सुपारी अपने पिता को दे देता था। सुपारी का कारोबार करने का कारण सुपारी में पांच प्रतिशत जीएसटी लगना है, जबकि तब गुटखा में 28 प्रतिशत जीएसटी लगता था। इस तरह से सुपारी कारोबार की आड़ में गुटखा बनाकर कारोबारी 23 प्रतिशत जीएसटी चोरी करता था। गुटखा पाउच में कीमत प्रिंट नहीं होने पर 204 प्रतिशत सेस लगता है।

# शिक्षिका ने बच्ची को अगरबत्ती से दागा, निष्कासित, जांच बैठी

## मामला सुंदर नगर स्थित कृष्णा किड्स अकेडमी का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

6 वर्षीय छात्रा को अगरबत्ती से जलाने के आरोप के बाद शिक्षिका को नौकरी से हटा दिया गया है। इसके अलावा जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा पूरे मामले पर जांच बैठा दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भी मामले की जांच कर रहे हैं। मामला सुंदर नगर स्थित कृष्ण किड्स अकेडमी का है। यहां की एक शिक्षिका पर पालकों ने बच्ची को अगरबत्ती से जलाने का आरोप लगाया है। पालकों के अनुसार, उनकी 6 वर्षीय बेटी केजी-2 में पढ़ती है। पिछले सप्ताह जब वह स्कूल से घर आई तो बहुत डरी हुई थी। स्कूल जाने से भी इनकार कर ही ▶▶|शेष पेज 15 पर

### जांच कर रहे हैं

पालकों से प्रत्यक्ष शिकायत प्राप्त नहीं हुई, लेकिन मामले की जानकारी होते ही स्वत: संज्ञान लेकर जांच के लिए टीम भेजी है।
- **हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### महिला एवं बाल विकास की दबिश

मामले की शिकायत के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे। पालक और छात्रा का बयान सीडब्ल्यूसी अर्थात चाइल्ड वेलफेयर कमेटी में दर्ज कराए जाने की तैयारी है। पीड़ित छात्रा के साथ ही अन्य बच्चों से भी अधिकारियों ने बात की। इस पर एक अन्य बच्ची ने उक्त शिक्षिका द्वारा मारे जाने की बात कही। सूत्रों के अनुसार, शाला प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे उस दिन के सीसीटीवी फूटेज उपलब्ध कराएं, जिस दिन यह घटना हुई थी। दूसरी ओर विरोध दर्ज कराने पहुंचे पालकों से शाला प्रबंधन ने कहा कि मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।






# नैक की स्पेलिंग ही नहीं लिख सका ए ग्रेड रविवि, थोक में वापस मंगाई गई अंकसूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ए प्लस ग्रेड हासिल करने वाला रविवि नैक की स्पेलिंग ही अपनी अंकसूची में सही रूप से नहीं लिख सका है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद अर्थात नेशनल असससेमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल अर्थात नैक का संक्षिप्त स्वरूप NAAC होता है, लेकिन रविवि ने जो अंकसूची वितरित की है, उसमें NACC दर्ज है। विशेष बात यह है कि नैक ग्रेडिंग का जिक्र अंकसूची के ऊपरी हिस्से में विवि के नाम और लोगो के साथ ही होता है। शुरुआत में इस त्रुटि की ओर अधिकारियों अथवा कर्मचारियों का ध्यान नहीं गया, बाद में महाविद्यालयों द्वारा इस संदर्भ में सूचित किए जाने के बाद सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अंदरूनी सूत्रों अनुसार, मौजूदा सत्र के साथ ही पिछले वर्ष आयोजित की गई सेमेस्टर परीक्षाओं में जो अंकसूची वितरित की गई हैं, उसमें भी यही त्रुटि है। जो त्रुटिपूर्ण अंकसूची वितरित हो चुकी है, उसे वापस मंगवाकर नई अंकसूची प्रदान की जा रही है। वहीं, जो अंकसूची गलत प्रिंट हो गई है, लेकिन बांटी नहीं जा सकी है, उनमें नष्ट कर नवीन अंकसूची प्रकाशित की जा रही है। नई अंकसूची आने के बाद छात्रों को इसका वितरण किया जाएगा। विवि प्रबंधन ने अंकसूची बदलने व सुधारने के लिए व्यवस्था तो कर दी है, लेकिन अब तक पूरे प्रकरण पर किसी के लिए किसी जिम्मेदारी तय नहीं की गई और ना ही किसी तरह की कार्रवाई ही की गई है।

- सुधार के बाद छात्रों को प्रदान की जाएगी दूसरी अंकसूची

## NAAC की जगह अंकसूची में अंकित कर दिया NACC, वितरण भी

### बढ़ाई गई है फीस

मौजूदा माह में ही रविवि ने अंकसूची सुधार के लिए निर्धारित शुल्क में वृद्धि की है। पूर्व में छात्रों को अंकसूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए सिर्फ 120 रुपए ही चुकाने होते थे, अब 500 रुपए देने पड़ रहे हैं। बढ़ा हुआ शुल्क लागू कर दिया गया है। अंकसूची जारी होने के 120 दिनों के अंतराल में निशुल्क त्रुटि सुधार कराया जा सकता है। निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद विवि द्वारा अंकसूची में हुई त्रुटि के लिए छात्र भुगतान करेंगे अथवा यह निशुल्क रहेगा, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। दूसरी ओर, छात्रों के साथ महाविद्यालय भी अंकसूची को पुनः वापस मंगाए जाने से परेशान हैं।




### काउंटर बनाया है

हमने इसमें सुधार के लिए काउंटर बनाया है। जिस किसी भी छात्र की अंकसूची में त्रुटि है, वे यहां आकर सुधार करवा सकते हैं। त्रुटिपूर्ण अंकसूची की निश्चित संख्या फिलहाल नहीं बता सकता।

**- अंबर व्यास**
**कुलसचिव, रविवि**

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेताओं में साहस है तो घर-घर जाकर पूछें बिजली बिल बढ़ने से कितना नुकसान हुआ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा बाजारों में घूमकर जनता से जीएसटी राहत पर कितना फायदा हुआ पूछना बेशर्मी की पराकाष्ठा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने



कहा, 8 साल तक बेतहाशा जीएसटी लगाकर जनता को लूटा, अब पूछ रहे कि कितना फायदा हुआ। जनता को यह भी बतायें कि 8 साल में कितना लूटा। आंकड़े बताते हैं कि एक व्यक्ति जिसने साल में 3 लाख रुपए खर्च किया है, उसमें मोदी सरकार ने वर्तमान छूट के आधार पर लगभग 50 हजार रुपए सालाना अतिरिक्त लूटा है। उन्होंने कहा, इस माह प्रदेश की जनता का बिजली बिल बढ़ा हुआ आया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता घर-घर जाकर जनता से यह भी पूछने का साहस दिखायें कि इस बढ़े हुए बिजली बिल के कारण उनका कितना नुकसान हुआ है? कितना बिल बढ़ कर आया है।

### पंजीकृत दलों की सूची से छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी बाहर

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने पंजीकृत दलों की सूची से छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी को बाहर कर दिया है। इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया है। इस कार्रवाई को लेकर बताया गया है कि छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी हंडीपारा आजाद चौक रायपुर को पिछले 3 वित्तीय वर्ष के अपने वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित समय सीमा में जमा नही किए है। इसके अलावा इस दल ने चुनाव तो लड़ा, लेकिन निर्धारित समय सीमा व्यय रिपोर्ट दाखिल नहीं किया, जो विधानसभा चुनाव में 75 दिनों के भीतर तथा लोकसभा चुनाव में 90 दिनों के भीतर करना होता है।

### बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल आज

**रायपुर।** नया रायपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित सेंध लेक में आज बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल किया जाएगा। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (नई दिल्ली), गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों का मूल्यांकन करना तथा नागरिकों को आपदा की स्थिति में त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने के लिए जागरूक करना है।

// आम सूचना //

मेरे पक्षकार द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मिथलेश पाण्डेय आत्मज श्री भगवती प्रसाद पाण्डेय निवासी किरण कम्प्यूटर के बाजू, सीमेंट गली, लिली चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) से द कॉलेज वार्ड प्राथमिक सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित, सुन्दर नगर, रायपुर छ.ग. के स्वीकृत अभिन्यास के अंतर्गत स्थित उनके भूमि स्वामी हक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की वाके मौजा ग्राम : रायपुर खास, प.ह.नं. 00062, रा. नि. मं. रायपुर- 12- रायपुर, वार्ड क्रमांक 66, पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के अंतर्गत सुन्दर नगर सोसायटी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1246/24, भूखण्ड क्रमांक 195 ई, क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट जिस पर दो मंजिला पक्का मकान निर्मित है को क्रय करनें का सौदा पक्का कर अग्रिम राशि अदा कर दी है, अब मात्र बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री ) की कार्यवाही शेष है ।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार या उसके किसी भाग के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ फर्म/ बैंक/ महाजन/बोर्ड/ पंचायत/प्राधिकरण/ शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि का कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिवस के भीतर मय वैध एवं असल दस्तावेज के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें, नियत समयावधि बीतने के पश्चात प्रस्तुत की गयी आपत्ति स्वयमेव शून्य, विधिक रूप से निष्प्रभावी एवं अवैध समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की कार्यवाही करा ली जावेगी। सो सूचना जानें....

**स्थान : रायपुर (छ.ग.)**
**दिनाँक 24.09.2025**

**भवदीय**
**मनीष जैन, अनुराग जैन (अधिवक्तागण)**
**कार्यालय : 207 द्वितीय तल डाल्फिन चैम्बर (होटल पुनीत), बैंक आफ बड़ौदा के सामनें न्यू क्लाथ मार्केट, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)**
**संपर्क ऑफिस- मो. 9300443000, 9826124444, 8889876000**

## जीएसटी बचत उत्सव को लेकर जनभावनाओं से रूबरू होने के मार्ट पहुंचे सीएम

# मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे मार्ट, घरेलू सामान की शॉपिंग कर उठाया जीएसटी दरों में कटौती का लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सरोना स्थित शुभम के मार्ट में रोजमर्रा की ज़रूरत का सामान खरीद रहे लोग उस समय सुखद आश्चर्य से भर उठे, जब उन्होंने देखा कि जीएसटी बचत का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं, उसे देखने स्वयं प्रदेश के मुखिया आए हैं।

दरअसल, आज जीएसटी बचत उत्सव को लेकर जनभावनाओं से रूबरू होने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुभम के मार्ट पहुंचे। उन्होंने खुद ग्राहक बनकर 1,645 रुपये के घरेलू सामान की शॉपिंग की एवं यूपीआई से भुगतान भी किया। उन्होंने इस दौरान खरीदारी कर रहे लोगों से बातचीत की और जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू सामान के मूल्य में आए फर्क के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मार्ट पहुंचकर ज़रूरत के सामान खरीदे और जीएसटी दरों में कमी का लाभ लिया। उन्होंने आत्मीयता से लोगों का हालचाल जाना। उन्होंने खरीदारी कर रही गृहणियों से घरेलू बजट पर आए असर की जानकारी ली, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से उनकी दिनचर्या के बारे में पूछताछ की। उन्होंने रोजमर्रा का सामान खरीदते हुए अन्य ग्राहकों से चर्चा की। उन्होंने खरीदारों से चर्चा करते हुए जीएसटी सुधारों पर लोगों के विचार सुने। उन्होंने खुद भी सामान खरीदा और नई कीमतें देखकर कहा, यह सुधार केवल कागज पर नहीं, बल्कि हर परिवार की ज़िंदगी में दिखाई देने वाला परिवर्तन है।

### जीएसटी कटौती नहीं, यह बचत क्रांति

मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए खरीदारी कर रहे रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी टीपी सिंह ने कहा कि आने वाले समय में जब इस दौर का इतिहास लिखा जाएगा, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जीएसटी सुधार को ऐतिहासिक बजट क्रांति के रूप में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा, पहले हम जितने पैसों में 30 दिन का राशन लेते थे, अब उन्हीं पैसों से 40 दिन से अधिक का राशन ले पा रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री ही इतना बड़ा साहसिक निर्णय ले सकते थे, कोई और ऐसा नहीं कर पाता।

### स्टेशनरी में 12 प्रतिशत था टैक्स, अब हो गया जीरो

राजधानी रायपुर के अवंती विहार निवासी लद्दाराम नैनवानी ने बताया कि जीएसटी सुधार का सकारात्मक प्रभाव शिक्षा से भी जुड़ा है। शुभम के मार्ट में मुख्यमंत्री को नोटबुक दिखाते हुए उन्होंने कहा, पहले इस पर 12 प्रतिशत टैक्स लगता था, लेकिन अब इसे शून्य कर दिया है। इस ऐतिहासिक कदम से कॉपियां और आवश्यक स्टेशनरी सस्ती हो गई हैं।

## उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

# जीएसटी रीफॉर्म से बिजली बिल में भी होगी कमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने तथा मध्य वर्ग को व्यापक राहत देने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से जीएसटी दरों की नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसे भारत सरकार द्वारा जीएसटी रीफॉर्म 2.0 का नाम दिया गया है। इस नई व्यवस्था में केन्द्र सरकार ने कोयले पर कंपनसेशन सेस समाप्त कर दिया है। कोयला ताप विद्युत उत्पादन के लिए ईंधन का काम करता है। ईंधन की लागत में कमी से उत्पादन लागत में भी कमी संभावित है और प्रारंभिक आकलन के अनुसार इससे उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली दर में लगभग 11 पैसे की कमी का लाभ मिल सकता है।

### कोल पर कंपनसेशन समाप्त हुआ

*जीएसटी रीफॉर्म 2.0 में किये गये युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत केन्द्र सरकार ने कोयले पर लगने वाले कंपनसेशन सेस 400 रुपये प्रति टन को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। वहीं कोयले पर जीएसटी को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत किया गया है । इन दोनों के संयुक्त प्रभाव से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को औसतन अनुमानित 152.36 रुपये प्रति टन कम लागत पर कोयला प्राप्त होगा, जिससे कंपनी की उत्पादन लागत में औसतन 11.54 पैसे प्रति यूनिट कमी संभावित है। कंपनसेशन सेस विद्युत उत्पादन लागत में एक बड़ा मुद्दा था, जिसमें राहत मिलने से उत्पादन लागत में कमी का मार्ग प्रशस्त होगा, जो भारत सरकार की मंशा के अनुसार विद्युत उपभोक्ताओं को भी लाभान्वित करेगा।*

# जिला अध्यक्षों का चयन करेगा हाईकमान युवाओं और अनुभवी को मिलेगा मौका

## मंडल स्तर पर भी 1200 लोगों की नियुक्ति होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जिला अध्यक्षों का चयन हाईकमान द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर होगा। पर्यवेक्षक आएंगे औऱ दावेदारों की प्लस औऱ माइनस दोनों रिपोर्ट जुटाएंगे। फिर 3 से 6 नामों का पैनल तैयार करके ले जाएंगे। पर्यवेक्षकों के पैनल को फिर हाईकमान अपने स्तर पर क्रॉस चेक कराएगा। ऐसे में अब सिफारिश कराने वालों की ज्यादा नहीं चलेगी, हालांकि प्रभारी औऱ पीसीसी अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी जाएगी। मौजूदा समय में जो जिला अध्यक्ष निष्क्रिय हैं, उनके लिए पद बचाना मुश्किल होगा।

प्रदेश में कांग्रेस के 36 संगठन जिले हैं, जिनमें से 11 में छह माह पहले अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है। 25 जिलों में नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। जिन जिलों में पहले नियुक्ति हो चुकी है, वहां पर निष्क्रिय लोगों को हटाया जा सकता है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पर्यवेक्षकों को यहां पर जिलों का आवंटन एक-दो दिन बाद पीसीसी अध्यक्ष के लौटने पर किए जाने की संभावना है।



बताया जाता है कि एक पर्यवेक्षक को दो जिलों का आवंटन होगा। पर्यवेक्षक अक्टूबर के पहले सप्ताह में आकर प्रक्रिया पूरी करेंगे। एक सप्ताह में अपने जिलों में बैठक लेकर नामों का पैनल तैयार कर हाईकमान को भेज देंगे। ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा।

### पार्टी कार्यालयों में ही करेंगे बैठक

पार्टी सूत्रों के मुताबिक पर्यवेक्षकों को पैनल तैयार करने की हिदायत दी गई है। कहा गया कि जिलों में बड़े नेताओं के घर बैठक नहीं लेंगे। ब्लाकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। वहां से नाम लेकर अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के साथ बैठक की पूरी सूची तैयार करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन ने बूथ स्तर पर सेक्टर और समिति गठन के लिए नामों की सूची तैयार की थी। सूची के आधार पर ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी थी। 30 सितंबर तक पार्टी की जिला, ब्लॉक, मंडल स्तर तक सभी नियुक्तियों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

### ब्लॉक और मंडल में नए लोगों को मौका

बताया गया है कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अब नए सिरे से होगी। कांग्रेस के 36 संगठन जिलों में अध्यक्ष बनाए जाएंगे। पूर्व में तीन माह पूर्व 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। नए निर्देश के बाद अब सभी जगहों पर नए जिला अध्यक्ष बनाए जाने के संकेत हैं। बताया जाता है कि संगठन में अध्यक्ष के अलावा ब्लॉक अध्यक्षों को नए सिरे से नियुक्त किया जाएगा। 305 ब्लॉक कांग्रेस संगठन में हैं। वहीं मंडल स्तर पर भी 1200 लोगों की नियुक्ति होगी। इसके अलावा राज्य स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाएगा। बताया गया है कि जिला कार्यकारिणी का गठन इस दौरान कर लिया जाएगा।

# वित्तमंत्री बोले- जीएसटी सुधारों से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था और बढ़ेगा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जीएसटी दरों में कटौती का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे, इसके लिए राज्य सरकार ने विशेष अभियान शुरू किया है।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बुधवार को राजधानी के विभिन्न बाजारों का दौरा कर दुकानदारों और उपभोक्ताओं से संवाद किया तथा सुधारों का असर ज़मीनी स्तर पर सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा भी उपस्थित थे। वित्तमंत्री श्री चौधरी



ने कहा कि जीएसटी सुधारों का असर सीधे जनता तक पहुंचना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि राज्य जीएसटी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि वे प्रत्येक बाजार का नियमित भ्रमण करें और यह सुनिश्चित करें कि कटौती का लाभ केवल कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उपभोक्ताओं की जेब तक पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का दृढ़ संकल्प है कि जीएसटी दरों के सरलीकरण और कटौती से आम जनता को सीधा लाभ मिले। सरकार की प्रतिबद्धता है कि लोगों को आवश्यक वस्तुएँ और भी किफायती दामों पर उपलब्ध हों तथा सुधारों का असर हर घर-परिवार में स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सके।

### इन वस्तुओं की कीमत में आई कमी

वित्तमंत्री ने कहा कि 22 सितंबर 2025 से नवरात्रि के पावन अवसर पर 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत की गई है। इस उत्सव के अंतर्गत आमजन के उपयोग की वस्तुओं पर उल्लेखनीय कमी की गई है। इसमें हेयर ऑयल, साबुन, शैम्पू, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान, साइकिल, छोटी कारें, एयर कंडीशनर, टीवी, ट्रैक्टर जैसी कई घरेलू वस्तुएँ शामिल हैं। इन सभी पर आम जनता को सीधी राहत दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे बाजारों में भ्रमण के दौरान व्यापारी बंधुओं को दरों में कमी की पूरी जानकारी दें और उपभोक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्हें यह समझाना आवश्यक है कि जीएसटी दरों में कटौती से वस्तुओं के दाम घटे हैं और यह राहत उपभोक्ताओं तक पहुंचना ही इस सुधार का उद्देश्य है। वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव केवल एक औपचारिक पहल नहीं है, बल्कि यह जनसामान्य के जीवन स्तर को सुधारने का एक ठोस प्रयास है। यह पहल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देगी, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाएगी और व्यापार को भी प्रोत्साहित करेगी।

# डबल इंजन सरकार का संकल्प- 2026 तक नक्सलवाद को करेंगे खत्म : साय

## 71 नक्सलियों ने हथियार छोड़े, किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और नियद नेल्ला नार योजना ने दंतेवाड़ा सहित पूरे बस्तर अंचल में नया विश्वास जगाया है। माओवादी हिंसा के झूठे नारों से भटके लोग अब विकास और शांति की राह चुन रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर संभाग में चलाए जा रहे पूना मारगेम अभियान तथा दंतेवाड़ा जिले में चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर हाल ही में 71 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 30 नक्सलियों पर 50 हजार से 8 लाख रुपये तक का कुल 64 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण हमारी नीतियों की प्रभावशीलता और जन-विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### समर्पण पर मिलते हैं 50 हजार रुपए

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को बेहतर जीवन की शुरुआत के लिए 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए हैं। साथ ही उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और भरोसेमंद वातावरण के कारण अब तक 1770 से अधिक माओवादी मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। डबल इंजन की सरकार का संकल्प है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा और आत्मसमर्पित साथियों को सम्मानजनक पुनर्वास एवं बेहतर जीवन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब बस्तर बदल रहा है और नक्सलवाद का अंधियारा छंट रहा है। यह परिवर्तन बस्तर के उज्ज्वल भविष्य और शांति की ओर बढ़ते कदमों का सशक्त संकेत है।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्री अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन चौक नेवरा में महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पूजा अर्चना की गई विविध आयोजन किया गया। साथ ही नवयुवक मंडल द्वारा मोटरसाइकिल रैली तिल्दा नेवरा शहर में निकाली गई।

इस अवसर पर रामगोपाल मुनका, गजानंद अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, ललित अग्रवाल, विनय , नीलिंप, अमित, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### जीएसटी में कटौती व्यापारी व ग्राहक खुश

**कूंरा।** प्रधानमंत्री द्वारा सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए लागू की गई नई जीएसटी दरें स्थानीय बाजारों में राहत और उत्साह का माहौल लेकर आई हैं। दुकानदारों से लेकर आम ग्राहकों तक, सभी ने इस ऐतिहासिक फैसले को स्वागत योग्य बताया। स्थानीय दुकानों में सोमवार को आयोजित चर्चा में व्यापारी वर्ग ने बताया कि नई जीएसटी दरें उनके कारोबार को आसान बनाएंगी और उपभोक्ताओं को भी सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। "जीएसटी बचत उत्सव" के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान ने ग्राहकों को आकर्षित किया है।

# अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वदेशी के महत्व पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोहका-नेवरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवासीय स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ शीला शर्मा, प्रांत सहसंयोजक, स्वदेशी जागरण मंच एवं आहार विशेषज्ञ, बाल गोपाल अस्पताल, रायपुर उपस्थिति रही. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एल वर्मा के द्वारा की गई. विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर श्याम शर्मा, मेडिसिन विशेषज्ञ, सहाय अस्पताल, रायपुर भी उपस्थित रहे.

## सत्यनारायण कालेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन



### डॉ शीला शर्मा ने दिया स्वरोजगार से जुड़ने का सुझाव

मुख्य अतिथि डॉ शीला शर्मा ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी के महत्व को भारत के बड़े ब्रांड की सफलता के साथ जोड़कर बताया. भारत किसी भी अन्य देश से उत्पादकता के क्षेत्र में कम नहीं है इस बात को साबित करने वाले कई श्रेष्ठ उद्योगपतियों का उन्होंने नाम लिया जैसे पतंजलि, बीबा आदि. युवाओं को अपने छात्र जीवन से ही सरकारी एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नौकरी का मोह छोड़कर किसी भी स्वरोजगार से जुड़ने का उन्होंने सुझाव दिया. उन्होंने कहा कि हमें नौकर बनने का नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर भारत के युवा जागरुक हो जाएं तो भारत को फिर से सोने की चिड़िया व विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता. डॉक्टर शर्मा ने आहार विशेषज्ञ होने के नाते आज के युवाओं खासकर लड़कियों में पाए जाने वाले कुपोषण जनित रोग एनीमिया के कर्म और उनके निवारण के बारे में भी जानकारी दी. कार्यक्रम के अंत में एनएसएस प्रभारी श्रीमती निर्मला हैदर द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ आशीष आसटकर के द्वारा किया गया. इस अवसर पर श्रीमती अमिता बिसेन, सुश्री राजश्री भारद्वाज एवं अन्य प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई, तत्पश्चत प्राचार्य डॉ एमएल वर्मा द्वारा पौधे भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया. राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी श्रीमती निर्मला हैदर द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में स्वदेशी के महत्व पर जोर दिया गया। प्राचार्य डॉ एम एल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी केवल उत्पाद तक सीमित न होकर एक संपूर्ण सोच एवं हमारी जीवन शैली बननी चाहिए. उन्होंने पंच-परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य एवं स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम शर्मा ने विदेशी वस्तुओं की खरीदारी से प्राप्त मुनाफे को हमारे ही देश के खिलाफ उपयोग किए जाने की विदेशी ताकतों के षड्यंत्र के बारे प्रभावी उदाहरणों के द्वारा समझाया गया.

## गांव में पाइप बिछाने के मामले में बयान देने के बाद हुआ विवाद

# पिता व पुत्र की बेदम पिटाई, सुंगेरा सरपंच समेत सात पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

रायपुर जिले के ग्राम सुंगेरा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ गाँव के सरपंच और उनके साथियों पर एक पिता-पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगा है। यह घटना बीते रविवार की रात, ग्राम सुंगेरा और लखना के बीच कोल्हान नाला पुलिया पर हुई। मारपीट में गंभीर रूप से घायल दोनों पीड़ितों का इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इस घटना से पीड़ति परिवार सदमे में है और न्याय की गोहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सुंगेरा निवासी नरेश साहू उम्र 25 वर्ष अपने पिता सहदेव साहू उम्र 60 वर्ष के साथ एक परिवारिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। रात करीब 9 बजे, जब वे कोल्हान नाला पुलिया के पास पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि ग्राम सरपंच तारण दास साहू अपने छह साथियों जिसमे आत्मा राम साहू, जयकरण पाल, दीपक निषाद, ताकेश्वर साहू, अश्वनी निषाद, और अशोक साहू के साथ बैठे हुए थे। सभी आरोप शराब पी रहे थे। जिसमे पीड़ितों का कहना है कि इन लोगों ने उन्हें रोका और पाइपलाइन बिछाने के मामले में पुलिस को बयान देने का आरोप लगाया। इसके बाद, सभी ने मिलकर पिता-पुत्र के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जब नरेश साहू अपने पिता को बचाने के लिए आगे आए, तो हमलावरों ने दोनों को लात-घूँसों से बुरी तरह मारा, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।

**खास बातें**

- घायल पिता की आंख में गंभीर चोट, निजी अस्पताल में इलाज जारी
- कोल्हान नाला पुलिया के पास रात की साथियों के साथ की मारपीट





### पुलिस में शिकायत दर्ज

पीड़ितों के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें धमकी दी कि अगर वे पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराएंगे, तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा और गाँव में नहीं रहने दिया जाएगा। अपनी जान बचाने के लिए पिता-पुत्र ने हाथ जोड़कर माफी माँगी, जिसके बाद उन्हें छोड़ा गया। घर पहुँचकर नरेश साहू ने अपने परिवार को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद, पीड़ितों ने धरसींवां पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। इस घटना के बाद से, पीड़ित परिवार में भय का माहौल है। इस पर धरसींवा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ धारा 126, 191(२) ,296, 115 (2) ,351 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### गिरफ्तारी शीघ्र होगी

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवन ने बताया कि ग्राम के सरपंच के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है वही घायलों का इलाज चल रहा है जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# भूअर्जन की किसानों को जानकारी नहीं, पुनः जनसुनवाई की हुई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



अडानी पावर प्लांट द्वारा तुलसी और तिल्दा के लगभग 32 कृषकों के जमीन किया जा रहा भूअर्जन, बैठक की किसानों को जानकारी नहीं,उनके खसरे के कौन से क्षेत्र का अधिग्रहण ओ भी नहीं है जानकारी। अडानी पावर प्लांट रायखेड़ा द्वारा तिल्दा और तुलसी के लगभग 32 किसानों की जमीनों को भूअर्जन के तहत कब्जे में लिया जा रहा है जिसके लिए बुधवार को जनपद पंचायत तिल्दा में बैठक आहूत की गई जिसमें तहसीलदार बघेल नायब तहसीलदार सहित अडानी पावर कंपनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। साथ ही कुछ किसान भी उपस्थित हुए, बैठक में प्रभावित किसानों को इसकी जानकारी ही नहीं दी गई थी। साथ ही यह भी बताया गया की जो भूअर्जन की जमीन निकल रही है उसमें से कई किसान अपनी जमीनों को बेच भी दी हैं और जो जमीन खरीदे है भूअर्जन में उनका नाम ही नहीं है, पुराने जमीन मालिकों के नाम है।

वही ग्राम तुलसी के सरपंच एवं वार्ड 19 के पार्षद जिन्हें समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है और दोनों का कहना है की प्रभावित किसानों को प्लांट प्रबंधन अडानी द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है जो की पूर्णतः गलत है और आज बैठक को रद्द करने की शिकायत की गई है।

### अखबर में जानकारी गलत दी गई

और पूरे प्रक्रिया के तहत करने के बाद ही किसानों को बुलाने सहित जमीन अधिग्रहण की पूर्ण प्रक्रिया करने की मांग ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच गुलाब आडील एवं वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद दिनेश साहू द्वारा की गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि जमीन अधिग्रहण की जानकारी एक अखबार में दी गई वह भी गलत जानकारी और आधा अधूरा जानकारी दी गई है। किसानों को जानकारी ही नहीं है कि उनके खसरे के कौन से क्षेत्र का अधिग्रहण किया जाना है, किसानों ने भी जनसुनवाई स्थगित कर पुनः बैठक बुलाने की मांग की है।

# महिला कृषकों के लिए कृषि उपकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुदनी, मध्यप्रदेश, कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में महिला कृषकों के लिये उपयुक्त सहयोगी कृषि उपकरण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 22.09.2025 से ग्राम सिलतरा, विकासखंड धरसीवां में शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिलतरा एवं आस पास के गाँव मटिया, बरबंदा, टांडा, नेउरडीह आदि की कृषक उत्पादक संगठन एवं समूह से जुड़ी महिलाएँ शामिल हो रही हैं ।

- सिलतरा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी
- केंद्रीय एवं स्थानीय संस्थानों के संयुक्त प्रयास से कृषक उत्पादक संगठनों की भागीदारी

प्रशिक्षण में महिलाओं को कृषि एवं कृषि प्रसंस्करण से संबंधित उपकरणों के विषय में जानकारी प्रदान की जाएगी जो महिलाओं के लिये उपयोग करने में आसान हो । इस प्रशिक्षण के लिये केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुदनी मध्यप्रदेश से रॉय सिंह, तकनीकी सहायक, कोमल सिंह, वरिष्ठ तकनीशियन कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर से आलोक पाल, कृषि अभियंता, प्रवीण वर्मा , यांत्रिक सहायक, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर से डॉ. राजेश अग्रवाल तथा सत्य साईं महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति, टेकारी की अध्यक्ष गिरिजा बंजारी शामिल हुए ।

# सिलियरी में ट्रेनों के स्टापेज की मांग पर रेल मंत्री गंभीर

**कूंरा।** धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की आवास एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधायक अनुज शर्मा ने सिलयारी रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई थी। इस संबंध में 02 सितम्बर को भेजे गए पत्र पर केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्यवाही का भरोसा दिया है। केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र के माध्यम से बताया कि संबंधित अधिकारियों को इस मामले पर ऑपरेशनल फिज़िबिलिटी जाँच करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। फिज़िबिलिटी रिपोर्ट आने के उपरांत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि धरसीवा और सिलयारी निवासियों की इस ज़रूरत को संज्ञान में लेने के लिए मैं केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह प्रदेश और देश में संवेदनशील सरकार का उदाहरण है कि आमजन की सुविधा को महत्व दिया जा रहा है। सिलयारी स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव शुरू होने से हज़ारों लोगों को सीधी राहत मिलेगी। मुझे विश्वास है कि बहुत जल्द हमारी यह मांग पूरी होगी।क्षेत्र के विकास और जनसुविधा से जुड़े हर मुद्दे को पटरी पर लाने के लिए सतत प्रयासरत हैं और जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। केंद्रीय मंत्री के जवाब पत्र पढ़कर क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल।



### कपसदा में साहू समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**कूंरा।** धरसीवां समीपस्थ भैरव बाबा धाम ग्राम कपसदा में साहू समाज कूंरा परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम इकाई साहू समाज के निर्वाचित पदाधिकारीगणों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए शपथ दिलाया गया , इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगणों रायपुर जिला के पूर्व अध्यक्ष केजुराम साहू , कूंरा परिक्षेत्र के संरक्षक बलदाऊ प्रसाद साहू , कूंरा परिक्षेत्र अध्यक्ष होरीलाल साहू , सचिव ललित साहू , कोषाध्यक्ष अशोक साहू , तहसील उपाध्यक्ष श्रीमती लीला साहू , श्रीमती हेमिन बाई साहू , मुख्य सलाहकार फूलचंद साहू , प्रवक्ता बलदाऊ राम साहू , कौशल साहू , महिला प्रकोष्ठ ,श्रीमती लक्ष्मी साहू , युवा प्रकोष्ठ , योगेश साहू , संगठन सचिव घनश्याम साहू , सहसचिव कमलेश साहू के आतिथ्य में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

# कई गांवों की खदानों में पत्थरों की अवैध खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदिर हसौद



राजधानी रायपुर के पास स्थित धनसुली,नरदहा ,बहना काड़ी , दोंदे, मंदिर हसौद ,पचेड़ा में जहां लगभग 60 से अधिक चूना पत्थर की खदाने संचालित है। जहां ज्यादातर खदानों में माइंस खनन अधिनियम के नियमों को उल्लंघन किया गया ।

जिसमें बहना काड़ी में स्थित पी डब्ल्यू डी के जहां से ठेकेदार द्वारा लीज से अधिक जमीन से पत्थर का खनन कर करोड़ों रुपए का मलाई खा गये ठेकेदार व खदान मालिक जहां खनन कर खुला छोड़ गए। जहां पत्थर खदान कि गहराई 100 फिर से अधिक होने के कारण आसपास के खेतों में पानी नहीं ठहरता । जिसके चलते किसानों को फसल उत्पादन करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। वही पत्थर खदान को खुला छोड़ने से कभी भी भविष्य में बड़ी घटना हो सकता। वही पत्थर के खदान में अवैध खनन पर कार्यवाही नहीं है। प्रशासन के नियमों को ताप में रखा गया काम कर रहे हैं। जहां से राज्य सरकार को लाखों करोड़ों का राजस्व का नुकसान तो होता ही है।साथ ही स्थानीय लोगों को भविष्य में इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

जहां भविष्य को ध्यान में रखते शासन प्रशासन आदेश जारी करे की ठेकेदार व खदान मालिक खनन किया हुए खदान को समतल करे ,या खदान का सीमांकन कर जो राजस्व की चोरी हुई है । उसका वसुली किया जाए।

# मावली मां मंदिर में 491 ज्योति कलश स्थापित

**तिल्दा नेवरा।** शारदीय नवरात्रि अवसर पर तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के सभी देवालयों में ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है, साथ ही माता दुर्गा की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई है। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड क्रमांक 19 स्थित मां मावली माता मंदिर में 491 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है, यहां पर प्रतिदिन मावली माता सेवा समिति द्वारा माता जस गीत किया जा रहा है, साथ ही बता दें कि यहां पर पंचमी और सप्तमी को विशेष पूजा अर्चना की जाती है , सप्तमी के दिन धेनु भगत का कार्यक्रम यहां आकर्षण का केंद्र रहता है, हजारों की संख्या में लोग यहां पर पहुंचते हैं, वहीं मां मवाली माता मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के प्रमुख लक्ष्मी नारायण वर्मा एवं टीम के द्वारा अष्टमी पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जहां पर हजारों लोग भंडारा में खाना खाते हैं, साथ ही यहां पर आकर्षक दुर्गा माता की प्रतिमा का स्थापना भी किया गया है।





### साईं नगर जोरा समिति के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि पार्षद रेणु जयंत साहू ने समिति के अध्यक्ष द्रौपदी सूर्यवंशी, सचिव संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष छगनलाल साहू, कोषाध्यक्ष वरुणेंद्र यादव, सहसचिव रंजीत मोदी सहित कार्यकारिणी के सदस्य छोटेलाल ठाकुर, सुरेश सोनी, संतोष पाठक, माधव झा, शिवम लहरे और कल्याण किंडो को शपथ दिलाई गई।

## शीतला माता मंदिर गोंदवारा में 145 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

**रायपुर।** संत कबीर दास वार्ड नंबर 3 गोंदवारा स्थित आदिशक्ति जगत जननी मां शीतला मंदिर में ज्योति कलशों की स्थापना बड़े ही भक्ति भाव के साथ की गई हैं। नौ दिवसीय नवरात्र पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है और पूरे नौ दिवस तक अलग-अलग दिन माता रानी के नौ रूपों की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। वहीं भक्तगण माता रानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जवारे और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शीतला माता मंदिर में 145 ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह शाम आरती संपन्न हो रही है तथा सेवा समिति द्वारा माता का सेवा गीत गाकर माता को प्रसन्न किया जा रहा हैं



## मनरेगा कार्य में परिवहन के दौरान ट्रैक्टर पलटा, महिला की हुई मौत

# पिता के बाद तीन मासूमों के सिर से उठा मां का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कूंरा

महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का काम ठेकेदार से कराने का खमियाजा एक मनरेगा श्रमिक को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा जिससे उसके तीन मासूम बच्चों के सर से पिता के बाद अब मां का साया भी उठ गया वहीं इस मामले में अब कांग्रेस ने भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक धरसीवां जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नगरगांव में मनरेगा के तहत तालाब सौंदर्यकरण का काम चल रहा था। मनरेगा श्रमिक रेखा निषाद के मुताबिक उक्त काम खपरी निवासी ठेकेदार गोवर्धन वर्मा द्वारा कराया जा रहा था 23 सितंबर को ठेकेदार चार मनरेगा श्रमिकों को ट्रैक्टर ट्राली से मंगसा गांव ले गया था जहां से पेवर ब्लॉक उठाकर लाना था पेवर ब्लॉक लाते समय उसकी साथी श्रमिक ललिता निषाद ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिरी ओर पहिए में आने से उसकी मौत हो गई उसे धरसीवा के निजी अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया

### तीन मासूम हुए घटना से अनाथ



मनरेगा का काम ठेकेदार से कराए जाने से तीन मासूम बच्चे अनाथ हो गए पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी अब मां की मृत्यु इस घटना में होने से तीन मासूम बच्चों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। मृतका ललिता निषाद के पति कृष्णा निषाद की मृत्यु कुछ साल पहले हो चुकी है पति की मौत के बाद से ललिता अपने तीन बच्चों को मेहनत मजदूरी मनरेगा का काम करके पालती थी मृतका के तीन बच्चों में सबसे बड़ा पुत्र वेदप्रकाश की उम्र अभी 13 साल है दो बच्चियों में योगेश्वरी उम्र 11वर्ष ओर बिंदिया उम्र 9 वर्ष सामिल है पिता के बाद अब मां की मौत से इन तीनों का भविष्य अंधकार में है बच्चों के दादा दादी वृद्ध हैं जो अस्वस्थ रहते हैं उनके पास भी कोई ऐसा काम नहीं की वह बच्चों का लालन पालन कर सकें।

### जनपद सीईओ ने की जांच टीम गठित

इस मामले में धरसीवां जनपद पंचायत के सीईओ आशीष केशरवानी का कहना है कि उन्होंने जांच समिति गठित कर दी है जांच उपरांत जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्यवाही होगी जहां तक मनरेगा के काम का सवाल है मनरेगा का काम ठेकेदार से नहीं कराया जाता

### कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

धरसींवा जनपद की ग्राम पंचायत नगर गांव में मनरेगा का काम ठेकेदार से कराए जाने के दौरान महिला श्रमिक की हादसे में मौत का मामला कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है पीसीसी ओबीसी के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ने इस मामले में 24सितंबर को तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे ओर थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें ठेकेदार से लेकर ग्राम पंचायत ओर जनपद पंचायत के सभी जिम्मेदारों पर पर एफआईआर दर्ज करने साथ ही मृतका के बच्चों को उचित मुआवजा ओर तीनों बच्चों के रहने खाने ओर पढ़ाई की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से दुर्गेश वर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस), कैलाश जायसवाल, साहिल खान (सरपंच, धरसींवा), आशीष वर्मा (सरपंच, रैता), सुरेश कुमार साहू (अध्यक्ष, नगर पंचायत कुराँ कांग्रेस), नजीब खान, पार्षद हरीश कुमार साहू, रवि लहरी, दिव्यानाथ वर्मा, प्रमोद पाल,भूपेंद्र नायक एवं देवेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे ।

पेज 13 के शेष...

### संजीवनी एंबुलेंस सेवा का टेंडर फिर रद्द...

सीजीएमएससी के अधिकारी इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए एजेंसी तय करने टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। पहला टेंडर जून में निरस्त हुआ। इसके बाद पुनः प्रक्रिया शुरू की गई, मगर पुराने अनुभव के आधार पर नियम की कमियां दूर करने के बजाए जुलाई में फिर से टेंडर जारी कर दिया। ढाई महीने की अधूरी प्रक्रिया के बाद दो दिन पहले जारी टेंडर को निरस्त कर दिया गया। सूत्रों का कहना है नियम का सबसे बड़ा पेंच 10 करोड़ की ईएमडी तय किया जाना है। पिछली बार यह राशि 50 लाख रुपये थी, जिसमें 20 गुना की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं। दावा किया जा रहा कि इतनी बड़ी रकम डिपाजिट करना मध्यम और छोटी कंपनियों के बूते के बाहर की बात नहीं है।

### छापों के बाद शहर बदलकर करता...

स्टेट जीएसटी द्वारा जारी बयान के मुताबिक गुरुमुख जुमनानी वर्ष 2021 से सितार गुटखा का अवैध तरीके से निर्माण करने का काम कर रहा है। उसके द्वारा अप्रैल 2021 से सितंबर 2022 के बीच राजनांगदाव स्थित मनकी, खैरागढ़ स्थित ठेलकाडीह में तथा जनवरी 2023 से जून 2023 के बीच मंदिर हसौद तथा भनपुरी में अवैध रूप से गुटखा निर्माण किया जा रहा था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इन दोनों स्थानों पर 31 मई 2023 को छापे की कार्रवाई की थी।

### शिक्षिका ने बच्ची को अगरबत्ती से...

थी। इसके बाद जब उन्होंने बच्ची से इसका कारण पूछा तो उसने स्कूल में शिक्षिका द्वारा शारीरिक दंड दिए जाने की बात कही। इसके बाद वे शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे। पालकों के आक्रोश को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका को नौकरी से निकाल दिया है, लेकिन पालक इससे संतुष्ट नहीं हैं। वे शिक्षिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बारिश ने फीका किया गरबा और डांडिया का रंग, कई जगह कार्यक्रम भी स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिनभर गरबा और डांडिया उत्सव में शामिल होने के लिए पास जुटाने वाले युवाओं की सारी मेहनत पर बुधवार को दिनभर हुई बारिश ने पानी फेर दिया। कभी तेज कभी हल्की बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था। इसके कारण कई आयोजन स्थलों पर जमने वाला रंग फीका पड़ गया। माता की आस्था में पारंपरिक गरबा उत्सव का आयोजन करने वाले समाज के लोगों ने सिर्फ परंपराओं का ही निर्वहन किया। इससे गरबा और डांडिया उत्सव स्थलों पर उत्साह का माहौल भी नहीं बना। कई आयोजकों ने आरती-पूजन के बाद सिर्फ नियम का पालन किया।

राजधानी में नवरात्रि के पहले दिन से ही गरबा और डांडिया खेलने के लिए लोग परिवार के साथ आयोजन स्थलों की ओर शाम ढलते ही पहुंचने लगते थे, लेकिन बुधवार को लगातार बूंदों की झड़ी के बीच तेज बारिश ने उत्सव को भी फीका किया। जिन लोगों ने दिनभर आयोजन में खुद को बेस्ट साबित करने के लिए तैयारी की, उन्हें बारिश ने निराश किया। आयोजन स्थल पर बारिश के कारण पानी जाम और कीचड़ की स्थिति को देखते हुए बड़े आयोजन स्थलों पर कार्यक्रम को ही स्थगित किया गया। सूर्यकांत राठौर ने बताया कि पाटीदार भवन फाफाडीह, भनपुरी में पारंपरिक तरीके से गरबा उत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां उत्सव का माहौल भले ही न बने, लेकिन परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा। बारिश की वजह से उत्सव जैसा माहौल नहीं बनता, लेकिन पूजा-आरती की जाती है।

## राजधानी में बारिश की झड़ी से तरबतर गरबा स्थल, समाजों ने निभाई परंपरा



### गरबा प्रेमियों को बारिश ने किया निराश

इसी तरह बीटीआई ग्राउंड पर गरबा उत्सव के संदर्भ में अनिता खंडेलवाल ने बताया कि उत्सव को स्थगित किया गया है। बारिश के कारण व्यवस्था बनाना संभव नहीं है, लेकिन परंपरा निभा रहे हैं। कुछ इसी तरह की स्थित गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम में भी रही। उत्सव का रंग भले ही फीका रहा, लेकिन गरबा प्रेमियों ने माता के दरबार में कुछ एक गीतों पर प्रस्तुति देते हुए आस्था प्रकट की, जबकि दूसरी तरफ अलग-अलग गरबा उत्सव का हिस्सा बनने के लिए यहां-वहां से पास जुटाने वाले गरबा और डांडिया प्रेमियों को लगातार लगी बारिश की झड़ी ने निराश किया।

# बारिश से लोग परेशान, कई जगह जलभराव कहीं नालियों की गंदगी सड़कों पर आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिनभर रुक-रुक कर हुई तेज बारिश के कारण राजधानी वासी दिनभर परेशान हुए।

बारिश के कारण कई जगह जहां जलभराव की स्थिति बनी रही, तो कई इलाकों में नाली-नालों के जाम तथा ओवरफ्लो होने के कारण उसकी गंदगी सड़कों पर आ गई। वहीं कई मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रही। इन समस्याओं से दिनभर लोग जूझते रहे।

भाठागांव मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य के कारण एक हाईवा गड्ढे में फंस गई, जिसके कारण यहां करीब एक-डेढ़ घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। इस हाईवा को दो क्रेन की मदद से निकाला गया, तब जाकर इस मार्ग पर सुचारू रूप से आवागमन शुरू हो पाया। हालांकि यह मार्ग पिछले कई महीनों से खराब है, जिसके कारण जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भरने के कारण गाड़ियों के साथ अब लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

**केस 1**

मालवीय रोड इलाके में जाम पड़ा नाला बारिश के कारण ओवर फ्लो हो गया, जिससे उसकी गंदगी सड़क पर आ गई थी। इसके कारण सड़क पर चलना दूभर हो गया। यहां के दुकानदारों को गंदगी को सड़क से हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



**केस 2**

बारिश के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी दिनभर प्रभावित रही। खासकर रिंग रोड से लगे ओवरब्रिज एवं सर्विस रोड जैसे राजेंद्रनगर, पचपेड़ी नाका, संतोषीनगर, बसस्टैंड के पास दिनभर में कई बार जाम की स्थिति बनती रही। पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के अलावा अन्य स्थानों पर जाम को क्लीयर करने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी तैनात नहीं दिखे।



**केस 3**

नगर निगम मुख्यालय गेट के सामने, सुंदरनगर गेट से डंगनिया तक मुख्य मार्ग, शीतला बाजार पुरानी बस्ती, भाठागांव, डीडीनगर, राजेंद्रनगर आरडीए काम्पलेक्स के पास, सांई मंदिर रोड, अरिहंत काम्पलेक्स पचपेड़ी नाका के पास सहित अन्य कई जगहों पर सड़क से लेकर कालोनियों में कई घंटे तक जलभराव की स्थिति रही।



### भाठागांव व्यापारी संघ ने जोन कमिश्नर को फिर सौंपा ज्ञापन

भाठागांव व्यापारी संघ ने खराब सड़क को जल्द से जल्द बनाने तथा इस मार्ग पर भारी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग को लेकर जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में कहा गया है कि इस मार्ग की दुर्दशा के कारण भाठागांव क्षेत्र के रहवासी परेशान हैं। गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क पर गुजर रहे स्कूल बच्चों से भरे ई-रिक्शा पलटते-पलटते बच गए, नहीं तो उसमें सवार बच्चों की जान भी जा सकती थी। वहीं एक हाईवा भी धंसकर पलटने से बच गई। इस तरह हर दिन गड्ढों के कारण वाहन पलटने का भय बना रहता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। संघ ने इसे लेकर सड़क को तत्काल बनाने तथा भारी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है।

# ढाबा में खाना खाने गए किसान के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट ट्रांसफर किए 1.93 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर थाने में एक किसान ने तीन लड़कों के खिलाफ मारपीट कर मोबाइल लूटने तथा एक लाख 93 हजार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिन लड़कों के अकाउंट में रकम ट्रांसफर हुई है, बैंक डिटेल के आधार पर पुलिस ने उन लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। किसान के साथ मारपीट तथा मोबाइल लूट कर रकम आहरण करने की घटना 18 सितंबर को हुई थी। बैंक से डिटेल मिलने के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

- किसान की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया

नूतन तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने राजू बंजारे, गगन यदु तथा दुर्गेश यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। नूतन ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वो देर शाम सात बजे के करीब राजलक्ष्मी ढाबा में खाना खाने के लिए गया था। जिस टेबल पर नूतन खाना खा रहा था, उसके बगल की टेबल पर तीनों लड़के खाना खा रहे थे। खाना खाने के बाद नूतन ने यूपीआई से बिल पेमेंट किया। इस दौरान लड़कों ने यूपीआई पासवर्ड देख लिया। बिल पेमेंट करने के बाद नूतन ढाबा के कुछ दूरी पर जाकर बस का इंतजार कर रहा था। इसी बीच तीनों लड़के नूतन के पास पहुंचे और उसके साथ मारपीट कर जेब से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के चार दिन बाद 22 सितंबर को नूतन बैंक से डिटेल निकालने गया, तो उसे तीनों लड़कों द्वारा यूपीआई से रकम अपने अकाउंट में आहरण करने की जानकारी मिली।

## भाजपा की टीम पहुंची जीएसटी बचत उत्सव मनाने



**रायपुर।** बीजेपी रायपुर की टीम मैग्नेटो मॉल में हल्दीराम रिलायंस रिटेल एवं बहुत से शॉप में बचत उत्सव मनाया गया। साथ में ग्राहकों से भी चर्चा हुई। बीजेपी जीएसटी रिफॉर्म रायपुर संयोजक ललित जैसिंघ ने कहा सभी में बहुत उत्साह है और खुशी की लहर है, सब दुकानदार ने एक होकर बोला बचत उत्सव का सब लेंगे भरपूर फायदा और कहा लगभग 90%घरेलू उपयोग होने वाली वस्तु की टैक्स कम हो गई है। नवरात्रि में मोदी सरकार ने दिया बड़ा उपहार, हर घर में खुशी की लहर है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, मित्रसेन धीमान, जतिन नचरानी, रितेश वाधवा, तेजकुमार बजाज, धनेश मटलानी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### साईं नगर जोरा समिति के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि पार्षद रेणु जयंत साहू ने समिति के अध्यक्ष द्रौपदी सूर्यवंशी, सचिव संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष छगनलाल साहू, कोषाध्यक्ष वरुणेंद्र यादव, सहसचिव रंजीत मोदी सहित कार्यकारिणी के सदस्य छोटेलाल ठाकुर, सुरेश सोनी, संतोष पाठक, माधव झा, शिवम लहरे और कल्याण किंडो को शपथ दिलाई गई। इसी दौरान पार्षद ने साईं नगर की जर्जर हो गई सड़कों और नालियों को पुनर्जीवन प्रदान करके एक आदर्श साईं नगर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में साईं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शीतला माता मंदिर गोंदवारा में 145 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**रायपुर।** संत कबीर दास वार्ड नंबर 3 गोंदवारा स्थित आदिशक्ति जगत जननी मां शीतला मंदिर में ज्योति कलशों की स्थापना बड़े ही भक्ति भाव के साथ की गई हैं। नौ दिवसीय नवरात्र पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है और पूरे नौ दिवस तक अलग-अलग दिन माता रानी के नौ रूपों की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। वहीं भक्तगण माता रानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जवारे और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शीतला माता मंदिर में 145 ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह शाम आरती संपन्न हो रही है तथा सेवा समिति द्वारा माता का सेवा गीत गाकर माता को प्रसन्न किया जा रहा हैं।

### गुलजेब को युकां महामंत्री की जिम्मेदारी

**रायपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू



एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने युवा नेता गुलजेब अहमद को महामंत्री-संगठन प्रशासन की जिम्मेदारी दी है। वहीं अमिताभ राजा घोष को प्रदेश कार्यालय प्रभारी बनाया है। गुलजेब काफी समय से युवा कांग्रेस में सक्रिय हैं और पूर्व में एनएसयूआई में जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## निधन

### टी. लक्ष्मण

**रायपुर।** अवंति विहार कॉलोनी



सेक्टर 9 निवासी देना बैंक के सेवानिवृत्त टी. लक्ष्मण का 20 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. टी. जेजे राव के पुत्र और टीव्ही मुरली, स्व. टी सूर्यप्रसाद, टी. श्रीनिवास, टी. राम के छोटे भाई तथा टी. रविकुमार के बड़े भाई थे।

### त्रयम्बक राव पांसे

**रायपुर।** पंडरी निवासी त्रयम्बक



राव पांसे (84) का 24 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रवीण पांसे के पिता और आशुतोष, नैतिक और वैदिक पांसे के दादा थे।

# रावणभाठा मैदान पर हाईमास्ट लाइट-प्रवेश द्वार सहित अन्य विकास कार्य होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान पर हाईमास्ट लाइट, प्रवेश द्वार सहित अन्य विभिन्न कार्यों के लिए 51 लाख 65 हजार रुपए के बजट को मंजूरी दी गई है। इन कार्यों को स्वीकृत कराने के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने अनुमोदन किया था। इसके बाद विभाग ने संचालनालय से इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

- नगरीय प्रशासन मंत्री के अनुमोदन के बाद विभाग ने जारी किया 51.65 लाख की स्वीकृति का आदेश

शहीद राजीव पांडेय वार्ड-62 अंतर्गत रावणभाठा मैदान पर स्वीकृत किए गए कार्यों में पेवर ब्लॉक, बैडमिंटन कोर्ट में टॉयलेट, प्रवेश द्वार और पेवर ब्लॉक फिटिंग के लिए 45 लाख 68 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इसके अलावा मैदान पर हाई-मास्ट लाइट के लिए भी 5 लाख 97 हजार रुपए स्वीकृत किया है।

उल्लेखनीय है कि रावणभाठा मैदान पर हर साल धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाया जाता है। रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण का पुतला दहन सहित रामलीला का मंचन किया जाता है, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। साथ ही इस मैदान पर हर दिन बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक, योग, व्यायाम करने आते हैं। इसके अलावा क्रिकेट, फूटबाल सहित अन्य खेल भी यहां होते हैं। इस मैदान को ग्रीन जोन के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

# फिल्मी ठग तीस मार खां की तर्ज पर ठगी का जाल, एक दर्जन लोगों को झांसे में लेकर पांच करोड़ का लगाया चूना

ए स्क्वायर ग्लोबल कंसल्टेंसी कंपनी संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना में एक दर्जन लोगों ने कर्नाटक के एक जालसाज के खिलाफ पांच करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने लोगों को 100 दिन में रकम दोगुना कर लौटाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। ठगी के शिकार जालसाज के यूट्यूब चैनल से प्रभावित होकर उससे संपर्क कर ठगी का शिकार हुए। जालसाज ने जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, उन लोगों ने पहले उससे भिलाई में जाकर मुलाकात करने के बाद रायपुर में संपर्क किया। जालसाज, लोगों को अमीर कैसे बनना है, इसके लिए महंगे होटल में मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अपने जाल में फंसाने का काम करता है।

- लोगों के साथ ठगी करने कर्नाटक के जालसाज ने यूट्यूब की ली मदद

भाठागांव निवासी अनवर मोहम्मद की शिकायत पर पुलिस ने कर्नाटका, बेलगांव निवासी अनिरुद्ध दलवी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की है। अनिरुद्ध ने ए स्क्वायर ग्लोबल कंसलटेंसी नामक कंपनी बनाकर लोगों से पैसे निवेश कराकर ठगी का शिकार बनाया है। रकम निवेश कराने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरोपी महंगे होटलों में सेमिनार करता था। लोगों को अमीर बनने के लिए मोटिवेट करता था।

### लोगों को ऐसे लिया झांसे में

अनवर ने पुलिस को बताया है कि नौ माह पूर्व सोशल मीडिया तथा यूट्यूब के माध्यम से उसे ए स्क्वायर ग्लोबल कंसलटेंसी कंपनी के बारे में जानकारी मिली। सोशल मीडिया के माध्यम ने अनवर ने अनिरुद्ध से कांटेक्ट नंबर हासिल कर संपर्क किया। संपर्क करने पर अनिरुद्ध ने अनवर को बताया कि वह सौ दिन में रकम दोगुना कर लौटा सकता है। इसी दौरान अनिरुद्ध का भिलाई स्थित एक होटल में मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम में अनवर को भी आमंत्रित किया गया। होटल में अनिरुद्ध ने अनवर को सौ दिन में रकम दोगुना करने का उपाय बताया। जालसाज के झांसे में आकर अनवर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जालसाज के बताए अकाउंट में रकम जमा कर दिए।



**भरोसा के लिए पैसे लौटाए :** झांसे में आकर अनवर ने जालसाज के कंपनी अकाउंट में पांच लाख 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रांसफर के बाद जालसाज ने अनवर के अकाउंट में 30 हजार रुपए वापस कर दिया। जालसाज इतना शातिर था कि उसने लोगों को उनके पैसों की इन्वेस्टमेंट की सिक्यूरिटी देने रायपुर भिलाई भुवनेश्वर और अन्य स्थानों पर जमीन के एग्रीमेंट और चेक देने का झांसा दिया।

### छह हजार करोड़ फंड मैनेजमेंट का झांसा

अनवर ने पुलिस को बताया है कि अनिरुद्ध ने उन्हें 17 वर्ष पूर्व इंटरनेशनल मार्केट में टेक्निकल एनालिसिस कोर्स करने की जानकारी दी। साथ ही जालसाज ने अनवर तथा उसके साथियों को कर्नाटका में आईसीआईसीआई बैंक में फंड मैनेजर होने तथा छह हजार करोड़ रुपए फंड मैनेज करने का झांसा दिया।

### 100 करोड़ की लाइव ट्रेडिंग भी दिखाया

इस दौरान जालसाज ने अनवर को एक डीमैट खाता दिखाया, जिसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक इक्विटी थी और लाइव ट्रेडिंग चल रही थी। अनिरुद्ध ने अपनी पूरी योजना लिखित में बताई, फिर कहा कि आपकी जमा की गई राशि में 2% प्रतिदिन के हिसाब से ब्याज मिलेगा। इसके साथ ही 100 दिन बाद तक 200% हो जाएगा। उसे दोगुना पैसा मिलेगा। जालसाज ने भरोसा दिलाया कि पैसा सुरक्षित रहेगा और वह कंपनी बंद कर कहीं नहीं भागेगा।

### रुपए लौटाने बहाने बनाया, फोन बंद कर हुआ फरार

अप्रैल में रकम मैच्युरिटी होने के बाद लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे, तब अनिरुद्ध कई तरह के बहाने बनाने लगा। उसने कंपनी के सॉफ्टवेयर अपडेट, वेबसाइट हैकिंग और ट्रेडिंग खाते में पैसे न होने जैसे कई बहाने बनाए। कुछ दिनों बाद अनिरुद्ध ने अचानक अपना फोन बंद कर दिया और भाग गया। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस थाना पहुंचकर जालसाज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## पेज 13 के शेष ...

### संजीवनी एंबुलेंस सेवा का...

सीजीएमएससी के अधिकारी इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए एजेंसी तय करने टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। पहला टेंडर जून में निरस्त हुआ। इसके बाद पुनः प्रक्रिया शुरू की गई, मगर पुराने अनुभव के आधार पर नियम की कमियां दूर करने के बजाए जुलाई में फिर से टेंडर जारी कर दिया। ढाई महीने की अधूरी प्रक्रिया के बाद दो दिन पहले जारी टेंडर को निरस्त कर दिया गया। सूत्रों का कहना है नियम का सबसे बड़ा पेंच 10 करोड़ की ईएमडी तय किया जाना है। पिछली बार यह राशि 50 लाख रुपये थी, जिसमें 20 गुना की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं। दावा किया जा रहा कि इतनी बड़ी रकम डिपाजिट करना मध्यम और छोटी कंपनियों के बूते के बाहर की बात नहीं है।

### छापों के बाद शहर ...

स्टेट जीएसटी द्वारा जारी बयान के मुताबिक गुरुमुख जुमनानी वर्ष 2021 से सितार गुटखा का अवैध तरीके से निर्माण करने का काम कर रहा है। उसके द्वारा अप्रैल 2021 से सितंबर 2022 के बीच राजनांगदाव स्थित मनकी, खैरागढ़ स्थित ठेलकाडीह में तथा जनवरी 2023 से जून 2023 के बीच मंदिर हसौद तथा भनपुरी में अवैध रूप से गुटखा निर्माण किया जा रहा था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इन दोनों स्थानों पर 31 मई 2023 को छापे की कार्रवाई की थी।

### शिक्षिका ने बच्ची को ...

थी। इसके बाद जब उन्होंने बच्ची से इसका कारण पूछा तो उसने स्कूल में शिक्षिका द्वारा शारीरिक दंड दिए जाने की बात कही। इसके बाद वे शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे। पालकों के आक्रोश को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका को नौकरी से निकाल दिया है, लेकिन पालक इससे संतुष्ट नहीं हैं। वे शिक्षिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने अपने पूर्वजों को किया याद



**रायपुर।** पितृ मोक्ष के पावन अवसर पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने पूर्वजों को याद किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसी दौरान अतिथि वक्ता पंडित प्रिया शरण त्रिपाठी ने कहा कि पितृ मोक्ष का अवसर हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर, लोग अपने पूर्वजों को याद करते हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, पूर्व अधिकारी केके बाजपेयी, अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजेश दीक्षित, उपाध्यक्ष संजय अवस्थी, उपाध्यक्ष नीता अवस्थी, सहसचिव प्रमोद मिश्रा, सहसचिव अनुराग पांडे, पूर्व सचिव राघवेंद्र मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अजय अवस्थी ने किया।

# वर्कशॉप की दीवार तोड़ कर तीन दिन में साढ़े छह लाख का माल चोरी कर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना में कृषि उपकरण बनाने वाले एक वर्कशॉप के संचालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ साढ़े छह लाख रुपए से ज्यादा कीमत के लोहे के उपकरण ट्रैक्टर हूड तथा अन्य कृषि यंत्र चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 19 से 21 सितंबर के बीच की बताई जा रही है। घटना स्थल का मुआयना करने तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करने पर चोरों द्वारा वर्कशॉप में तीन दिन तक आकर चोरी करने की जानकारी पुलिस को मिली है।

- आमानाका थाना क्षेत्र की घटना
- चोरों ने कृषि यंत्र बनाने वाले वर्कशॉप में की चोरी

तेंदुआ में श्री इंडस्ट्रीज के नाम से वर्कशॉप संचालित करने वाले राजनारायण मिश्र ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजनारायण ने पुलिस को बताया है कि 18 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती की पूजा करने के बाद उस दिन मजदूरों को छुट्टी दे दी। इसके बाद राजनारायण मिश्र लगातार तीन दिन तक अपने वर्कशॉप आते रहे। स्टाक का मिलान करने पर सामान कम होना पाया गया।



जांच करने पर वर्कशॉप के पीछे की तरफ की दीवार टूटी मिली। चोर दीवार में छेदकर वर्क शॉप के अंदर दाखिल हुए और पीछे की तरफ गोडाउन का ताला तोड़कर कृषि यंत्र के साथ अन्य लोहे के उपकरण किसी मालवाहक गाड़ी में लोड कर ले गए। वर्कशॉप आउटर में होने की वजह से किसी को चोरी की भनक नहीं लगी।

# 244 को मिला पसंदीदा कालेज, अपग्रेडेशन के साथ 1593 की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूसरे दौर की काउंसिलिंग में 244 अभ्यर्थियों को अपग्रेडेशन के साथ अपना पसंदीदा कालेज मिला है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 1593 लोगों की सीट आवंटन सूची जारी की गई। आवंटित सीटों के आधार पर विद्यार्थी गुरुवार से अपने एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। एमबीबीएस की सीट बढ़ने और रिक्त सीटों के आधार पर अनेक लोगों को निजी से शासकीय कालेज में प्रवेश का मौका मिला है।

बुधवार को एमबीबीएस-बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। निजी मेडिकल कालेजों में एडमिशन लेने वाले छात्र आयुष विवि में बनाए गए काउंटर में जाकर अपने दस्तावेजों की स्क्रूटनी और प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करेंगे। वहीं सरकारी कालेजों में एडमिशन और दस्तावेजों की जांच का काम संस्था स्तर पर पूरा किया जाएगा।

- एमबीबीएस-बीडीएस का एडमिशन आज से
- किसी संस्था में सीटें खाली रहती है, तो उसके लिए मॉपअप राउंड में काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा



प्रवेश की प्रक्रिया 25 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक पूरी की जाएगी। बुधवार को जारी सीट अलॉटमेंट लिस्ट में 1593 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया है। इनमें 244 ऐसे है जिन्होंने पहले राउंड में एडमिशन के बाद अपग्रेडेशन के लिए आवेदन किया था। सीटों की रिक्तता के आधार पर उन्हें पसंदीदा सीट अथवा पाठ्यक्रम चुनने का मौका भी मिला है। राज्य में एमबीबीएस की 200 सीटें बढ़ी हैं जिसकी वजह से कट ऑफ में कमी आना तय है। अभी राज्य के 14 मेडिकल कालेज में एडमिशन दिया जा रहा, क्योंकि एक निजी कालेज रिश्वतखोरी के मामले में जीरो ईयर की कार्रवाई झेल रहा है। वहीं बीडीएस के लिए एक निजी कालेज का मान्यता दी गई थी और यहां सीटों की संख्या 700 हो चुकी है। 30 सितंबर को एडमिशन पूरा होने के बाद भी अगर किसी संस्था में सीटें खाली रहती है, तो उसके लिए मॉपअप राउंड में काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### भोरमदेव मंदिर में राज्यपाल ने की विशेष पूजा-अर्चना

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने बुधवार को कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं जनआस्था के प्रमुख केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही राज्यपाल ने रुद्राभिषेक एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोरमदेव की आराधना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि और उत्तरोत्तर प्रगति की मंगल कामना की। इसी दौरान उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल जिले और प्रदेश की आस्था का केंद्र है, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी इसकी विशेष पहचान है। भोरमदेव मंदिर आगमन पर राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर परिसर में राज्यपाल का अभिनंदन किया। राज्यपाल ने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान भोरमदेव मंदिर प्रांगण में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत रूद्राक्ष का पौधा लगाया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर दो गिरफ्तार



**रायपुर।** कबीर नगर थाना की पुलिस ने पूर्व में सौ शीशी नशीली सीरप के साथ गिरफ्तार तीन आरोपियों की निशानदेही पर दुर्ग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मेडिकल स्टोर संचालक है। पुलिस के अनुसार भिलाई, अधिराज मेडिकल के संचालक उदित शर्मा तथा सुजा कुरैशी उर्फ सनी को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के द्वारा रायपुर के तस्करों को नशीली सीरप बिक्री करने के लिए दिया जाता था।

### महिला टीचर के घर दो लाख की चोरी

रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक महिला टीचर ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़ कर दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के चांदी के सिक्के तथा सोने के जेवर, नकदी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजीव नगर निवासी संध्या साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। संध्या ने पुलिस को बताया है कि वह अपने माता-पिता से मिलने जांजगीर-चांपा गई हुई थी। घर आने पर उसने देखा कि अज्ञात चोर मकान के मेन गेट का ताला तोड़ कर मकान के अंदर प्रवेश कर गया और आलमारी में रखे जेवर, सिक्का के साथ नकदी चोरी कर ले गए हैं।

### जुआ खेलते सात जुआरी गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग मामलों में जुआ खेलते सात जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुए की रकम 28 हजार 300 रुपए जब्त किया है। उरकुरा, ब्रम्हदेई पारा में जुआ खेलते पुलिस ने बबलू राठौर, बिरजू महतो, पटेल कुमार, संजू निषाद, राजेश साहू, टिकेंद्र पटेल तथा धर्मेंद्र साहू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अलग से प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की है।

## धमतरी, रायपुर, जांजगीर-चांपा, बालोद, बेमेतरा, बलौदाबाजार, महासमुंद जिले के सर्वे में तेजी

# एग्रीस्टैक पंजीयन, महासमुंद के किसान प्रदेश में सबसे आगे, दंतेवाड़ा फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग ने चालू खरीफ विपणन वर्ष के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी के मोबाइल ऐप से सत्यापन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में महासमुंद के किसानों ने एग्रीस्टैक में सबसे अधिक पंजीयन कराया है। यहां पर 8 लाख 80 किसानों के खसरे का सर्वे किया जा चुका है। वहीं प्रदेश में दंतेवाड़ा सबसे पीछे रहा, जहां पर 5 हजार 6 सौ से अधिक खसरा का सर्वे पूरा किया गया है। जिन किसानों के खसरे का मिलान नहीं हो रहा है, वहां पर पटवारी, आरआई, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत सचिव डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी का परीक्षण करने के लिए लगाए गए हैं। यदि प्रविष्टि गलत पाई जाती है, तो उसे भौतिक सत्यापन के आधार पर 31 अक्टूबर तक सुधारना होगा।

इसके तहत एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे, भूईंया सॉफ्टवेयर में दर्ज फसल प्रविष्टियों का 5 प्रतिशत रैंडम सत्यापन मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। साढ़े 3 लाख किसान ऐसे हैं, जो पोर्टल में पंजीकृत हो चुके हैं, लेकिन उनका खसरा मेल नहीं खा रहा है। अब फील्ड में विभागीय अमले को भी जूझना पड़ रहा है। यह कार्य तीन स्तरों पर होगा। प्रथम चरण में चयनित खसरों का सत्यापन राजस्व और कृषि विभाग के फील्ड अधिकारी करेंगे। प्रदेश में अब तक किए गए एग्रीस्टैक डिजिटल क्राप सर्वे में 93 प्रतिशत कार्य पूरा होने का दावा किया जा रहा है। जहां पर खसरे का मिलान नहीं हो पा रहा है, वहां पर किसानों से दस्तावेज लेकर खसरे से मिलान के प्रयास किए जा रहे हैं। रायपुर जिले में कुल 53 हजार खसरों का सत्यापन किया जाएगा, इसके लिए 15 अक्टूबर तक की समय-सीमा तय की गई है।

हरिभूमि सरोकार

**भौतिक सत्यापन के आधार पर 31 अक्टूबर तक सुधारना होगा**

### *113 लाख खसरे का सर्वे पूरा*

*प्रदेश में 1 करोड़ 16 लाख 57 हजार खसरे में से 1 करोड़ 13 लाख 31 हजार खसरे में खरीफ की फसल लेने का सर्वे पूरा कर लिया गया है। फसल की बुआई पूरी होने और एग्रीस्टैक में पंजीयन के बाद इसका डिजिटल क्राप सर्वे कराया जा रहा है। यहां यह पाया गया कि किसानों के खसरा पंजीयन में दिए खसरा से मेल नहीं खा रहा है। इन किसानों का पंजीयन हो चुका है, ऐसे में उनसे दास्तावेज और आधार प्रमाणीकरण के जरिए उसमें सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है।*



### 20 हजार गांव में जारी सर्वे

प्रदेश में 20 हजार से अधिक ग्राम हैं, जहां पर खेती की जमीनों का पूरा रिकार्ड है। वहीं कई ऐसे ग्राम हैं, जिनका सर्वे आज तक नहीं होने के कारण राजस्व रिकार्ड में वे ग्राम शामिल नहीं हैं। इनमें नारायणपुर और कोरबा के ग्राम शामिल हैं। धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने के एक माह पूर्व तक सर्वे पूरा करना है। जिला प्रशासन द्वारा 31 अक्टूबर तक पंजीकृत किसानों के खसरे का सर्वे और गिरदावरी पूरा करने लक्ष्य तैयार किया गया है।

### बीते साल 25 लाख से ज्यादा किसान थे

बीते साल 2024-25 में पंजीकृत 25 लाख 49 हजार से ज्यादा किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य में बेचा था। एग्री स्टैक और एकीकृत पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक अब तक एग्री स्टैंक पोर्टल पंजीकृत साढ़े तीन लाख किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा है। 15 हजार 419 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अपना एग्री स्टैक में पंजीयन नहीं कराया है। हजारों किसानों के पंजीयन को लेकर अभी भी तस्वीर साफ नहीं हो पाई है।

### *इन जिलों में लाख से अधिक पंजीयन*


*बालोद, बेमेतरा और बलौदा बाजार जिले ही ऐसे हैं जहां एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों की तादाद एक लाख पार कर गई है। हालांकि इन जिलों में भी हजारों किसान ऐसे हैं, जिनका खसरा मेल नहीं खा रहा है। जबकि जांजगीर चांपा जिले में 74 हजार 172 किसानों ने एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराया है, लेकिन इनमें से 30 हजार से अधिक किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा है। इसी तरह की स्थिति अन्य जिलों में भी है। विभाग का दावा है कि यह आंकड़ा रोज बदल रहा है। आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान पंजीयन करा लेंगे।*

# शासकीय सेवक 6 माह से क्यों नहीं करा रहे ई-केवाईसी उन्हें किस बात का है डर?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों का अपना ई-केवाईसी करवाना शासन के निर्देश के अनुसार अनिवार्य किया गया है। यह प्रक्रिया मार्च से शुरू होने के बाद से लेकर अब तक 18 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने ये काम नहीं करवाया। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग लगातार निर्देश दे रहा है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि ई-केवाईसी न कराने वाले शासकीय सेवकों को किस बात डर है कि वे यह आवश्यक काम नहीं करा रहे हैं?

प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत 18 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने अब तक ई-केवाईसी (नो योर कस्टमर) अपडेट नहीं कराया है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। वित्त विभाग की ओर से सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की ई-केवाईसी अपडेट कराकर उसकी जानकारी समय पर संबंधित ट्रेजरी कार्यालय को भेजें। साथ ही सभी कर्मचारियों से समय रहते केवायसी प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की गई है, ताकि सैलरी भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए।




- 30 सितंबर आखिरी तारीख, अब तक 18 प्रतिशत ने नहीं कराया ई-केवाईसी

### सभी विभागों को समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश

केवायसी अपडेट करने के लिए कर्मचारियों को पहले 24 अप्रैल तक का समय दिया गया था। इसके बाद संचालक कोष एवं लेखा संचालनालय ने 15 दिन की अतिरिक्त मोहलत भी दी थी। इसके बाद तारीख बढ़ती रही, संचालक कोष एवं लेखा सेवा पद्मिनी भोई ने बताया कि अब तक सिर्फ 82 प्रतिशत कर्मचारियों ने ही प्रक्रिया पूरी की है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समय रहते ई-केवाईसी नहीं कराए जाने पर संबंधित कर्मियों के वेतन भुगतान में रुकावट आ सकती है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं।

### सेवाओं का लाभ, सत्यापन क्यों नहीं

उल्लेखनीय है कि बैंक खाते, राशन कार्ड, गैस कनेक्शन सहित अन्य रिकार्ड की ई-केवाईसी कराने के लिए समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते हैं। कई लोगों के द्वारा जानकारी नहीं दी जाती है। सवाल यह उठता है कि सेवाओं का लाभ लिया जाता है, लेकिन ई-केवाईसी के नाम पर लोग पूर्व में दी गई जानकारी का सत्यापन क्यों नहीं कराना चाहते?

# भाजपा राज में बह रही भ्रष्टाचार की नदियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



यूथ कांग्रेस ने भाजपा पर प्रदेश की जनता को लूटने के आरोप लगाए हैं। यूथ कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश की जनता को 2 से 3 गुना अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। बिजली बिल 2 से 3 गुना बढ़ा दिए गए हैं, बेरोजगारी चरम पर है और भ्रष्टाचार की नदियां प्रवाहित हो रही हैं। शीघ्र ही इन सभी मुद्दों पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को हुई यूथ कांग्रेस की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में आने वाले आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

- पिछले माह हुई कार्यों की समीक्षा

राजीव भवन में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा व राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी भी इसका हिस्सा बने।

### नए युवाओं को मिलेगी जिम्मेदारी

प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया ने कहा कि "वोट चोर, गद्दी छोड़" कार्यक्रम राहुल गांधी जी के नेतृत्व में जनता के बीच गूंज रहा है। यह आंदोलन हर वार्ड और बूथ तक पहुँचना चाहिए ताकि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जा सके। आकाश शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार ने जनता को केवल ठगने का काम किया है। युवाओं को रोजगार नहीं, किसानों को राहत नहीं और आम जनता को महंगाई की मार दी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो लोग संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय नहीं होंगे, उनकी जगह नए और जुझारू युवाओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर बीते महीनों में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा भी हुई।

# जोरदार बारिश के साथ सितंबर में 200 मिमी. तक पहुंचा आंकड़ा, औसत से केवल साढ़े 3 सेमी. कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को जोरदार बारिश के साथ रायपुर जिले में इस महीने का आंकड़ा 200 मिमी. तक पहुंच गया है। यह सितंबर की औसत वर्षा से केवल साढ़े 3 सेमी. कम है। पानी बरसने की वजह से शहर के तापमान में चौबीस घंटे में आठ डिग्री की गिरावट हो गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री था, जो बुधवार को 26 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंच पाया। गुरुवार को भी हल्की से मध्यम वर्षा के आसार बने हैं। रेनी सीजन के दौरान अब तक रायपुर जिले में 950 मिमी. बारिश हुई, जो औसत 995.9 मिमी. से कम है। अगले चार दिन में इसकी भरपाई होने की थोड़ी उम्मीद है। सक्रिय सिस्टम के प्रभाव से अगले चौबीस घंटे में हल्की वर्षा हो सकती है।

- बरसात से 8 डिग्री सेल्सियस लुढ़का पारा, 26 तक नहीं पहुंच पाया



मंगलवार को दोपहर राजधानी समेत रायपुर जिले के मौसम में बदलाव हुआ। छाए काले बादल बरसने लगे और कुछ देर में ही इसका असर जोरदार हो गया। बरसात इतनी तेज थी कि शहर की तमाम सड़कों पर पानी भर गया। लगातार बारिश के कारण दृश्यता में भी कमी आई और लोगों को दिन में गाड़ियों की लाइट जलाकर आवाजाही करनी पड़ी। इतना ही नहीं, जोरों की बरसात से मौसम में ठंडकता आ गई और अधिकतम तापमान जो सामान्य से 3 से 4 डिग्री ऊपर दर्ज किया जा रहा था, वह 6 डिग्री तक नीचे चला गया। वातावरण में अभी सौ फीसदी नमी बनी हुई, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई है।

### शराब बेचते बुजुर्ग महिला गिरफ्तार

रायपुर। उरला थाने की पुलिस ने एक 65 साल की महिला को झोला में रख कर लोगों को शराब बेचते गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जे से पुलिस ने 32 पौवा देशी शराब जब्त की है। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने सरोरा निवासी रामबती टंडन को गिरफ्तार किया है। महिला प्लास्टिक थैला में रख कर ट्रक चालकों के साथ आसपास के ढाबा, होटल में घूम धूमकर शराब बेच रही थी।

# दो कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाने की पुलिस ने दो कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने स्थानीय रहवासियों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की है। स्थानीय रहवासियों ने कोचिंग सेंटर संचालकों की मनमानी तथा वहां पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा मनमानी तरीके से वाहन पार्क करने की शिकायत दर्ज कराने के साथ कोचिंग सेंटर में पढ़ने आने वाले छात्रों के साथ कोचिंग सेंटर संचालकों द्वारा बदसलूकी करने की शिकायत की थी। स्थानीय रहवासियों की शिकायत पर पुलिस ने आरएमपी, आरसीसी कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रहवासियों ने आरोप लगाया है कि एक कोचिंग सेंटर के संचालक ने अपने यहां पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना के दूसरे दिन एक अन्य कोचिंग सेंटर के संचालक द्वारा छात्रा को अपने साथ जबरन कार में बैठाकर ले जाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही कोचिंग सेंटर के खुलने से लेकर बंद होने की समय सीमा नहीं होने तथा वहां संदिग्धों की आवाजाही होने की शिकायत पुलिस में की थी। स्थानीय रहवासियों की शिकायत पर दोनों संचालक अपने कोचिंग सेंटर दूसरी जगह शिफ्ट करने तैयार हो गए हैं।

- टैगोर नगर के स्थानीय रहवासियों की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई







# बीच नदी में फंसे युवक का मशक्कत के बाद रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग, पारागांव में नदी के बीच मझधार में फंसे युवक को एसडीआरएफ तथा पुलिस की टीम ने 10 घंटे से ज्यादा कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की है। नदी के बीच मझधार में फंसे युवक को रात साढ़े आठ बजे के करीब रेस्क्यू कर नदी से बाहर निकाला गया। अंधेरा होने की वजह से युवक को रेस्क्यू करने में पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के मुताबिक महासमुंद निवासी हेमंत साहू को रेस्क्यू कर निकाला गया है। बताया जा रहा है, सुबह नौ बजे के करीब वह पारागांव स्थित महानदी चला गया था। हेमंत नदी क्या करने गया था, इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। पानी का बहाव तेज होने की वजह से वह नदी से बाहर नहीं निकल पाया। युवक के नदी में फंसे होने की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम पहुंची और युवक को किसी तरह ग्रामीणों की मदद से नदी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की।



- नदी में फंसा युवक महासमुंद का रहने वाला
- एसडीआरएफ, पुलिस की टीम ने बाहर निकाला









हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



सैला रीना नृत्य में झलकी पांडो ...


## लाइव इवेंट

# यातायात नियमों का करें पालन वाहन चलाते समय लगाएं हेलमेट



रायपुर। दिशा कॉलेज रामनगर कोटा में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यातायात सुरक्षा से संबंधित विषयों की जानकारी दी गई। जैसे हेलमेट लगाने से दुर्घटना की स्थिति में सिर को गंभीर चोट से बचाया जा सकता है। इसके साथ ही रोड क्रॉसिंग से पहले स्थिति के अनुसार आगे बढ़ें। सिग्नल का पालन करना क्यों और कितना जरूरी है। इसके बारे में कार्यशाला में जानकारी दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी ने बताया कि देश के लिए नैतिक गुण युवाओं में विकसित किया जाना चाहिए। देश की सुरक्षा व समृद्धि के लिए युवाओं के साथ प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना चाहिए और यातायात के नियमों को भली-भांति समझते हुए इसका पालन करना चाहिए।

### जिम्मेदार नागरिक बनें और लोगों को सजग करें

कार्यक्रम में एआईजी संजय शर्मा ने हेलमेट की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कहीं जाना हो तो हेलमेट का प्रयोग करें, इससे दुर्घटना से बच सकेंगे। ट्रैफिक नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही यातायात की तीन घटकों को भी बताया, जिसमें यातायात की शिक्षा और नियमों की संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि सबसे पहले अपने से सुधार करना चाहिए और लोगों को साथ में सजग करें। यातायात के मोटर अधिनियम से भी परिचित कराया। बताया गया कि आप जिसके साथ यातायात का प्रयोग करते हैं, उन्हें भी नियमों की जानकारी दें। कार्यशाला में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## राजधानी के युवाओं का अब विदेशी नहीं देशी ब्रांड के प्रति बढ़ा लगाव

# मेड इन इंडिया ब्रांड का नई पीढ़ी में बढ़ रहा क्रेज, फैशन एसेसरीज की हर सेक्टर में ट्रेंड

**राजधानी की नई पीढ़ी मेड इन इंडिया ब्रांड का दीवानी हो रही है। मार्केट के सभी सेक्टर में विदेशी कंपनियों की ब्रांड की जगह देशी ब्रांड की सामानों का मांग दोगुना पहुंच गया है। वैसे तो स्वदेशी अपनाओ की पहल आजादी से पहले से चली आ रही है, पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार मेड इन इंडिया की संदेश को नई पीढ़ी ने तेजी से स्वीकारा है और फैशन, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टरों में देशी उत्पादों की ब्रांड को खरीदने में अधिक रुचि दिखा रही हैं। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि इस सेक्टर से जुड़े शहर के व्यापारी बता रहे हैं।**

रायपुर। शहर के कारोबारियों का मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स की मांग को लेकर कहना है कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में मेड इन इंडिया ब्रांड को बढ़ावा देने की नई पीढ़ी में क्रेज बढ़ा है। नई पीढ़ी के बीच 'मेड इन इंडिया' उत्पादों का क्रेज बढ़ रहा है। क्योंकि, वे अब सिर्फ ब्रांड नामों से प्रेरित नहीं होते, बल्कि स्थिरता, सामर्थ्य और सांस्कृतिक प्रासंगिकता जैसे मूल्यों को भी महत्व देते हैं। यह क्रेज उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव का संकेत है, जहां लोग स्थानीय ब्रांडों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे घरेलू उद्योगों को मजबूती मिल रही है और आयातित सामानों पर निर्भरता कम हो रही है। मेड इन इंडिया ब्रांड की बाजार में ट्रेंड को लेकर कुछ प्रमुख सेक्टर के कारोबारियों से हरिभूमि की टीम ने बातचीत की, जिससे यह बात सामने आई है कि मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स को लेकर शहर के मार्केट में ग्राहकों की रूझान बढ़ी है।





### इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड

जय स्तंभ चौक स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप के संचालक विक्रम सिंह ने बताया कि देशी ब्रांडों में हैवेल्स, बजाज इलेक्ट्रिकल्स, वोल्टास, गोदरेज एंड बॉयस, इम्पेक्स, क्रॉम्पटन ग्रीव्स, ओरिएंट और डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियां शामिल हैं, जो मेक इन इंडिया पहल के तहत विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाती हैं, जिनमें पंखे, एसी, लाइटिंग, होम अप्लायंसेज और मोबाइल फोन शामिल हैं।

### स्मार्टवॉच मेड इन इंडिया ब्रांड डिमांड में

संतोषी नगर चौक स्थित वॉच शो रूम के संचालक आर्यन वर्मा ने बताया कि वॉच व स्मार्ट वॉच में देशी ब्रांड की बात करें तो पहले पायदान पर नोईस, दूसरे पर बोएट है। इसके बाद के क्रम में टाइटन, फायर-बोल्ट, बाउल्ट ये टॉप की पांच कंपनियां हैं। शहर में इन ब्रांड्स के वॉच व स्मार्ट वॉच की डिमांड चलन में है। देश के साथ दुनियाभर में डिमांडिंग स्मार्ट वॉच हैं। शहर के सुपर बाजार, इलेक्ट्रॉनिक्स स्मार्ट गैजेट्स शॉप व इनके खुद के शो रूम उपलब्ध हैं।

### ब्रांडेड शू की डिमांड

पुरानी बस्ती रोड स्थित एक शूज शो रूम के संचालक विवेक मोटवानी ने बताया कि मेड इन इंडिया शू कंपनियों में लिबर्टी, बाटा, रेड चीफ, वॉकरू और एक्शन जैसे ब्रांड ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई हैं। इस मेड इन इंडिया ब्रांड की भारत सहित विदेशों में भी क्रेज है। नाइकी और एडिडास जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भी ताइवानी कंपनी प्यू शेन के बाद भी बाजार में 'मेड इन इंडिया' ब्रांड स्थानीय ग्राहकों में काफी ट्रेंडी ब्रांड है।

### आटोमोबाइल सेक्टर की ब्रांड कंपनी

रिंग रोड एक पर रायपुरा स्थित एक आटोमोबाइल शो रूम के संचालक अरविंद शुक्ला का कहना है कि ग्राहकों में तेजी से मेड इन इंडिया ब्रांड की आटोमोबाइल के प्रति क्रेज पिछले 10 सालों में बढ़ी है। इन ब्रांड्स में प्रमुख रूप से टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, और अशोक लेलैंड हैं, जो क्रमश यात्री वाहन, एसयूवी, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया वाहन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र की ब्रांड कंपनी के तौर पर ट्रेंड कर रही हैं। इसके अलावा बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प भी प्रमुख भारतीय कंपनियां हैं, जो मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों की मेड इन इंडिया ब्रांड हैं, जिसकी नई पीढ़ी में ट्रेंड बढ़ा है।



### ब्रांडेड फैब्रिक्स की बढ़ रही मार्केट

पंडरी कपड़ा मार्केट में फैशन शो रूम के संचालक आशीष आहूजा का कहना है कि मेड इन इंडिया फैब्रिक ब्रांड कंपनियां में रिलायंस (विमल), सियाराम सिल्क मिल्स, अरविंद लिमिटेड, शाही, फैबइंडिया और कुछ अन्य शामिल हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाले कपड़े और उत्पाद बनाते हैं। ये कंपनियां डेनिम, मिश्रित कपड़े, कॉटन और अन्य प्रकार के कपड़े बनाती हैं, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांड के तौर इसकी चलन में बढ़ोतरी हो रही है।

### डिटर्जेंट पाउडर ब्रांड

डिटर्जेंट पाउडर के थोक विक्रेता अजय अग्रवाल ने बताया कि बाजार में देशी ब्रांड की डिटर्जेंट पाउडर में सर्फ एक्सेल, व्हील और रिन हैं। एरियल, टाइड, घड़ी और पतंजलि की अच्छी मेड इन इंडिया ब्रांड के रूप में चलन में हैं।

# आस्था संग नृत्य और भक्ति गीतों से सज रहा है उत्सव



रायपुर। इन दिनों अमलीडीह स्थित मारुति रेजीडेंसी में नवरात्र महोत्सव की धूम है। भक्तिभाव और उत्साह के साथ आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में पहले दिन मां दुर्गा का स्वागत पारंपरिक मराठी नृत्य से किया गया। इसमें भक्ति, आनंद और उमंग की झलक देखने को मिली। दूसरे दिन का आयोजन विशेष रहा। इसमें कॉलोनी की महिलाओं ने माता के दरबार में गायत्री मंत्र के पाठ पर सामूहिक रूप से नृत्य पेश किया। यह अनोखी प्रस्तुति झूमा दास के कुशल निर्देशन में दी गई। इस नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। उनकी कोरियोग्राफी और प्रतिभागियों की समर्पित प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कॉलोनीवासियों ने इस आयोजन को उत्सव का रूप देने में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह भी बढ़ाया जा रहा है। नवरात्र महोत्सव के इस आयोजन में न केवल सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रहे हैं, बल्कि समाज में भक्ति और सौहार्द बढ़ाने के लिए एक वातावरण भी स्थापित कर रहे हैं।

# संबलपुरी लोकनृत्य में पिंकी अग्रवाल ने जीता पुरस्कार



*स्थानीय अग्रवाल सभा में महिला मंडल द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन डांस कांपिटिशन में चौबे कालोनी से पिंकी अग्रवाल विजेता बनी है। पारंपरिक संबलपुरी लोकनृत्य की लय और भाव-भंगिमाओं को प्रस्तुत करते हुए पिंकी ने नृत्य कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया ।*

# महिलाओं को मिला बेहतर प्लेटफॉर्म स्वदेशी वस्तुओं का लगाएंगी बाजार

रायपुर। इस नवरात्र को खास बनाने के लिए मैग्नेटो मॉल ने एक नई पहल की है। शहर में पहली बार महिलाएं हर महीने के दूसरे एवं चौथे बुधवार को ग्राउंड फ्लोर पर स्वदेशी वस्तुओं का बाजार लगाएंगी। इसमें महिलाओं द्वारा निर्मित स्वदेशी वस्तुओं का विक्रय किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन को खास तौर से शामिल किया गया है। नाश्ता, अचार, पापड़, गोबर द्वारा निर्मित अगरबत्ती, दीया, महिलाओं द्वारा ही घर में बनाया गया कैमिकलरहित साबुन, हैंडमेड कपड़े जैसी वस्तुओं को बेचने के लिए एक बाजार भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता के मार्गदर्शन में इसकी शुरुआत की गई। महिलाओं को इस तरह के छोटे या बड़े स्तर पर अपना कारोबार शुरू करने का अवसर मिलेगा। उनका कहना है कि यह एक बेहतर प्लेटफॉर्म है, जिससे महिलाएं अपनी काम की शुरुआत कर सकती हैं।



### हुनर को मिलेगी नई पहचान, बनेंगी आत्मनिर्भर

महिला चैम्बर की इस पहल से न केवल महिलाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलेगा, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी। सभी स्टॉल पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि इसमें अधिक से अधिक महिलाएं भागीदारी दे सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर गौरव सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने किया।

## सिटी इवेंट

# फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा की लाइफ लाइन, युवाओं का फील्ड से लगाव



रायपुर। हर साल विश्व फार्मासिस्ट दिवस 25 सितंबर को मनाया जाता है। स्वास्थ्य तंत्र के माध्यम से लोग फार्मासिस्टों के योगदान एवं क्षमताओं को जानने और उनकी सेवाओं को याद करने के लिए इस दिन का विशेष महत्व है। इस वर्ष 'थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट' विषय पर फार्मासिस्ट दिवस मनाने की तैयारी है। यह निर्देश फार्मेसी काउंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा सभी राज्यों के लिए प्रसारित हुआ हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल, प्रभारी रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल वरिष्ठ फार्मासिस्ट डॉ. अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि लोग फार्मासिस्ट के विषय में केवल इतना जानते हैं कि वे दवाइयां देते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि फार्मासिस्ट गुणवत्तापूर्ण दवाओं के निर्माण से लेकर तर्कसंगत दवाओं के चयन और इलाज में विशेष भूमिका अदा करते हैं। इस दिन फार्मासिस्टों के स्वास्थ्य सेवा में योगदान, दवाओं के सुरक्षित उपयोग, रोगियों को परामर्श और उनके समर्पण के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है।

### युवाओं को जॉब के नए अवसर मिल रहे

इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के स्टेट सेक्रेटरी राहुल वर्मा ने बताया कि अभी युवाओं का रुझान फार्मासिस्ट के फील्ड में बढ़ रहा है। हर साल प्रदेश में सात हजार युवा डिग्री लेते हैं। कई लोग प्राइवेट संस्थाओं तो एक बड़ा वर्ग सरकारी अस्पतालों में भी सेवा देता है। इतना ही नहीं, मेडिकल स्टोर्स में भी युवाओं को जॉब के नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य बनने के पहले इसका कोर्स कुछ संस्थाओं तक सीमित था, अब इसका विस्तार होने से युवाओं का रुझान भी इस क्षेत्र में बढ़ा है। लोग डिग्री कोर्स करने के लिए एडमिशन करवाते हैं।

### फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण स्तंभ

उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट दवाओं के सुरक्षित और सही उपयोग के बारे में सलाह देने के लिए सुलभ उपलब्ध भी होते हैं। इससे रोगियों को लाभ होता है। फार्मासिस्ट रोगियों को दवाओं की सही खुराक, उनके संभावित दुष्प्रभाव और अन्य दवाओं के साथ उनकी अंतःक्रियाओं के बारे में बताते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ज़रूरी है। फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण स्तंभ भी होते हैं। अभी भी फार्मासिस्टों का काम सरल नहीं है। उन्हें धैर्य, करुणा और उच्च मानकों के साथ काम करना होता है। मुश्किल परिस्थितियों में भी मरीजों का ध्यान रखते हुए वर्तमान में 38 हजार की तादाद में प्रदेश में पंजीकृत फार्मासिस्ट निरंतर अपनी सेवा हर सेक्टर में दे रहे हैं।

## माता की आस्था में कन्या पूजन और भोज के बाद उपहार का अब बदलने लगा ट्रेंड

# देवी स्वरूप में कन्याओं को गिफ्ट देने बार्बी, शिनचैन और मिकी माउस वाले टिफिन बॉक्स-डायरी लोगों की पहली पसंद

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। समय के साथ आस्था के पर्व नवरात्र में भी कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। घरों और मंदिरों में किए जाने वाले कन्या पूजन, भोज के बाद दिए जाने वाले उपहार का अंदाज भी बदला है। अब पूजा सामग्री या श्रृंगार की सामग्री गिफ्ट में देने की जगह लोग कन्या की शिक्षा और जरूरत की चीजें भी देने लगे हैं। एक तरफ जहां नवरात्र में श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना कर रहे हैं, वहीं देवी पर्व में कन्या पूजन की विशेष परंपरा निभाने के लिए बाजार का रूख भी करने लगे हैं। इस बार 27 सितंबर को पंचमी तिथि से ही देवी मंदिरों, पंडालों और घरों में कन्या पूजन और दिए जाने वाले उपहार को सहेजने की तैयारी शुरू हो गई है, जो नवमी तिथि तक जारी रहेगी। इसे लेकर बाजारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दुकानों में बच्चों की उपयोगी चीजें जैसे स्टेशनरी, चॉकलेट, टिफिन बॉक्स, वॉटर बॉटल, हेयर बैंड, रिबन, बिंदी-कंगन सेट और गिफ्ट हैंपर की वेरायटी मिल रही है। ऐसे में शहर के तेलीबांधा, सदर बाजार, मालवीय रोड और गोलबाजार में गिफ्ट प्रोडक्ट की पूछ-परख बढ़ी है।









### कार्टून कैरेक्टर्स वाली डायरी-पेन सेट खास

पुष्पा चौधरी ने बताया कि दुकान में बच्चों के लिए खासतौर पर टिफिन बॉक्स, वॉटर बॉटल और डिजाइनर डायरी उपलब्ध हैं। ऐसे में टिफिन बॉक्स पर बच्चों के मनपसंद कार्टून कैरेक्टर्स जैसे बार्बी डॉल, मिकी माउस, निंजा हथौड़ी और शिनचैन की तस्वीर बने हुए हैं, जो बच्चों को बहुत पसंद आ रही हैं। वहीं, वॉटर बॉटल में आकर्षक डिजाइन उपलब्ध हैं। इसकी कीमत 100-500 रुपए तक तय की गई। इन दिनों डिजाइनर डायरी खरीदारों की पहली पसंद है। इस डायरी के सभी पन्ने पर छोटे-छोटे कार्टून कैरेक्टर्स की चित्रकारी की गई है, जो बच्चों को लुभा रही हैं। साथ ही, डायरी में कार्टून प्रिंटेड पेन भी शामिल किए जा रहे हैं, जो बच्चों के लिए उपहार को और भी खास बना रहा है।

### कन्याओं के लिए खास गिफ्ट हैंपर तैयार

पंचमी तिथि नजदीक आते ही बाजार में कन्याओं के लिए गिफ्ट की डिमांड भी बढ़ने लगी हैं। दुकानदार ग्राहकों की पसंद और जरूरत को देखते हुए विशेष प्रकार के गिफ्ट हैंपर तैयार कर रहे हैं। दुकानदार प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि दुकान में 100-300 रुपए में कई गिफ्ट हैंपर उपलब्ध हैं। इनमें बच्चों की पसंदीदा वस्तुएं जैसे- चॉकलेट, पर्स, डायरी सेट, वॉटर बॉटल, स्टेशनरी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी प्रोडक्ट खासतौर पर मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों से मंगवाए गए हैं। ग्राहकों की मांग के अनुसार इन सामग्रियों को दुकान में ही सुंदर और आकर्षक तरीके से गिफ्ट हैंपर के रूप में सजाने के लिए कर्मचारी भी सहयोग देते हैं।

### समय के साथ बदला गिफ्ट का चलन

दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष अन्य त्योहारों की तरह नवरात्र में भी गिफ्ट हैंपर का चलन देखने को मिल रहा है। इस बार देवी पंडालों और घरों में कन्या पूजन की तैयारी में लोग जुट गए हैं। मार्केट में खरीदी के लिए पहुंचने वाले लोग गिफ्ट हैंपर को रिस्पांस दे रहे हैं। लोगों के बजट अनुसार सुंदर और अनोखे अंदाज में पैकिंग का भी चलन बढ़ा है। अभी ज्यादातर लोग छोटी बच्चियों के लिए उनके स्कूल बैग के लिए जरूरी प्रोडक्ट ही खरीदने में रुचि लेते हैं।

## दुर्गोत्सव




श्री गौरी शंकर दुर्गोत्सव सेवा समिति सिविल लाईन



जय बजरंग क्रांति नवयुवक दुर्गोत्सव समिति पोस्टल कॉलोनी



बजरंग युवा दुर्गोत्सव समिति पंचमुखी मंडी संजय नगर रोड



जय भवानी दुर्गोत्सव समिति लोहार चौक पुरानीबस्ती



त्रिवेणी संस्कृति दुर्गा उत्सव समिति मंगल बाजार



श्री मित्र दुर्गोत्सव समिति बजरंग चौक टिकरापारा



माँ बम्लेश्वरी दुर्गोत्सव समिति विनोवा भावे नगर



मां महारानी दुर्गोत्सव समिति एचपी गैस गोदाम छत्तीसगढ़ नगर



श्री बजरंग मंदिर न्यास दुर्गोत्सव समिति ईदगाह भाटा मंगल बाजार



युवा दुर्गोत्सव समिति मठ पारा में शिव परिवार के रूप में माता दुर्गा की प्रतिमा विराजमान

मुक्ताकाशी मंच पर सेवा पखवाड़ा और रजत महोत्सव की श्रृंखला में कलाकारों ने बेजोड़ प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

# सैला रीना नृत्य में झलकी पांडो जनजाति की सांस्कृतिक विरासत सितार पाताल गमन नृत्य नाटिका ने छोड़ी असम संस्कृति की छाप

**सेवा पखवाड़ा एवं रजत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को मुक्ताकांशी मंच पर भव्य सांस्कृतिक आयोजन हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों से कलाकारों ने दर्शक दीर्घा में बैठे कला प्रेमियों को खुशनुमा माहौल दिया। कला प्रेमियों को यह अवसर हर साल की तरह संस्कृति विभाग और शासन के संयुक्त प्रयास से मिला। इसमें सुगम संगीत, शास्त्रीय संगीत और लोक नृत्य-संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। मंच पर खैरागढ़ विश्वविद्यालय के छात्रों ने लोक नृत्य-संगीत की मनमोहक छटा बिखेरी। विशेष आकर्षण का केंद्र असम के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'सितार पाताल गमन' नृत्य-नाटिका रही। यह नाटिका आसामी भाषा में प्रस्तुत की गई। इसे अपनी कला से संवारने में महिलाओं ने अहम भूमिका निभाई।**

रायपुर। मुक्ताकाशी मंच पर नाटिका में असम संस्कृति एवं माता सीता के जीवन परिचय का सुंदर मिश्रण पेश करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मंच को आसामी संस्कृति के आधार पर सजाया गया, जहां कलाकारों के आराध्य श्रीमंत शंकर देव की तस्वीर प्रमुख स्थान पर रखी गई। जहां असम के कलाकारों द्वारा 'सितार पाताल गमन' नृत्य नाटिका आसामी लोककथा पर आधारित रही। आसामी भावना की प्रस्तुति 19 महिलाओं द्वारा दी गई, जिसे सालों पहले केवल पुरुष ही किया करते थे। यह अद्भुत दृश्य शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। महिलाओं ने श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, उर्मिला, हनुमान और वाल्मीकि जैसे पौराणिक पात्र के किरदार निभाए। नृत्य नाटिका की शुरुआत सूत्रधार से हुई, जिन्होंने दर्शकों को आसामी संस्कृति से परिचित कराया। यह प्रस्तुति लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चली। इसमें दर्शकों ने आसामी संस्कृति, संगीत और नृत्य के अद्भुत संगम का आनंद लिया।



### अगर तलाश करूं कोई मिल ही जाएगा..

अगर तलाश करूं कोई मिल ही जाएगा, मगर तुम्हारी तरह कौन मुझ को चाहेगा....इस ग़ज़ल की पंक्ति की प्रस्तुति के साथ ही दर्शकों ने शानदार अंदाज एवं तालियों की गूंज से कलाकार का स्वागत किया। इसे गायिक सगुन पाठक द्वारा लगभग 15 मिनट की प्रस्तुति दी गई। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 31 छात्रों ने चतुष्वाद्य, सुगम संगीत, लोक नृत्य और संगीत की सामूहिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत चतुष्वाद्य, राग बागेश्री की प्रस्तुति से हुई। इसमें आलाप, विलंबित और द्रुत शास्त्रीय गायन में शामिल रहा। इसके निर्देशक सहायक प्रध्यापाक विवेक नवरे रहे। वहीं, प्रथा रामटेके ने आजा बालम परदेशिया...की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुक्त कर दिया।



### मंच पर जीवंत हुई माता सीता की पीड़ा



जिस राम के लिए मैंने 14 वर्ष वनवास किया, उसी राम ने मेरे चरित्र पर संदेह किया है। समुद्र के तीर पर अग्नि परीक्षा करने के लिए कहा, फिर अब दोबारा अयोध्यावासियों के कहने पर छल कर मुझे वन में भेज दिया। लेकिन, उस वक्त मेरे गर्भ में लव-कुश थे। तब ऋषि वाल्मीकि के करुणा के कारण मैं बच्चों का पालन-पोषण कर सकी। इस परीक्षा के बाद मैं पुनः धरती लोक में समा जाना चाहती हूं...यह शब्द मां सीता के थे। जिन्होंने अंतिम समय में अयोध्यावासियों और श्रीराम के समक्ष अपनी बातें बयां कीं। भावपूर्ण नाटक के दौरान मां सीता का किरदार निभा रही 23 वर्ष की त्रीदिशा बोर ठाकुर ने मंचीय प्रस्तुति से प्राचीन काल की घटना का जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, जिसे देखकर दर्शक भी भावुक हो उठे।

### हाथों में डंडा, मोर पंख लिए सैला रीना नृत्य

सरगुजा जिले के पांडो जनजाति की लोक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया, जहां मंच पर सैला रीना नृत्य में पुरुष सैला और महिलाएं रीना लोक नृत्य की प्रस्तुति करती दिखीं। इस दौरान कलाकारों ने एक हाथ में डंडा और दूसरे हाथ में मोर पंख रखा था। नृत्य के दौरान कलाकारों ने आदिवासी जनजाति के करतब, शिकार एवं अन्य सुखद कार्यक्रमों में होने वाले दृश्य को नृत्य के माध्यम से दर्शाया।

# स्वर्णिम छत्तीसगढ़ के लिए विद्वानों और साहित्यकारों ने किया चिंतन

**रायपुर।** थिंक आईएएस संस्थान में स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयोजन में साहित्यकारों और विद्वानों की बैठक-सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिष्ठित साहित्यकारों, विद्वानों और पत्रकारों ने भाग लेते हुए स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में विचार-विमर्श किया। वर्तमान चुनौतियों और लगातार बढ़ रही अराजकता पर चिंता जताई गई। उनके समाधान के उपाय सुझाए गए।

वरिष्ठ साहित्यकार माणिक विश्वकर्मा ने कहा कि समाज नशावृत्ति, अनियंत्रित जनसंख्या, जल संकट, वायु प्रदूषण, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट और ध्वनि प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। इन पर समय रहते कठोर कदम नहीं उठाया गया, तो ये विकास की राह में बड़ी रुकावट बन जाएंगी। शिक्षाविद् एवं थिंक आईएएस के डायरेक्टर मुरली मनोहर देवांगन ने शिक्षा प्रणाली पर कहा कि शिक्षा के बिना किसी राज्य या समाज का विकास संभव नहीं है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वह माध्यम है, जिससे भविष्य की पीढ़ी संस्कारवान बनेगी।



### मोबाइल बच्चों व समाज पर डाल रहा प्रतिकूल प्रभाव

नेत्र विशेषज्ञ एवं चिंतक डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव ने बच्चों और समाज में मोबाइल एवं तकनीक के बढ़ते उपयोग पर गंभीर चिंता जताई। मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग बच्चों में पढ़ाई और सामाजिक व्यवहार दोनों पर प्रतिकूल असर डाल रहा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। पीपला फाउंडेशन के संरक्षक पारसनाथ साहू, वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इसी कड़ी में वरिष्ठ साहित्यकार अरविंद मिश्रा, सुखनवर हुसैन, नगेन्द्र वर्मा, जेके सिंगरौल, संजीव ठाकुर, इन्द्रदेव यदु ने अपने सुझाव दिए। सभी वक्ताओं ने पीपला फाउंडेशन के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की पहल समाज को नई दिशा देने वाली है।



# डोंगरगढ़ दर्शन के 10वें साल भी उत्साह चार बसों से भक्त हुए रवाना

रायपुर। 'नर सेवा ही नारायण सेवा', इस वाक्य को अपना ध्येय वाक्य मानकर सेवा देने वाली काली माता सेवा समिति द्वारा विगत नौ वर्षों से शहर के प्रबुद्धजनों को पारिवारिक माहौल में निशुल्क डोंगरगढ़ यात्रा से जोड़ने की पहल की जा रही है। सेवा के माध्यम से भक्तों को मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने में सहयोग दे रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नवरात्रि के 10वें वर्ष में तीसरे दिन भारी बारीश के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर से चार यात्री बसों को झंडी दिखाते हुए डोंगरगढ़ के लिए रवाना किया। समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज ने बताया कि बड़ा वर्ग है, जो दर्शन यात्रा का इंतजार करता है। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हैं। दर्शनार्थियों को रवाना करने से पहले डॉ. रमन सिंह ने उनसे भेंट करते हुए कहा कि मां बम्लेश्वरी सभी की मनोकामना पूर्ण करें। प्रदेश में अमन चैन के साथ खुशहाली कायम रहे, यही कामना मां बम्लेश्वरी से करता हूं।

### सभी ने व्यवस्था बनाने में किया सहयोग

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने इस सेवा कार्य के लिए समिति सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी, नागरिक पूर्ति आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी प्रमुख रूप से मौजूद थे। पार्षद राजेश गुप्ता, गुरमित सिंह टोनी, रोहित भारद्वाज, दीपक पाठक, नागेश तिवारी, प्रशांत ठाकुर ने दर्शनार्थियों को व्यवस्था से जोड़ने में सहयोग किया।

नवरात्र पर जाने पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर की आस्था से जुड़ी बातें, अब मंदिर ट्रस्ट संभाल रही व्यवस्था


# राजा मोरध्वज ने करवाई थी मां महामाया की स्थापना नागा साधुओं ने शुरु की महाकाली की आस्था में सेवा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** एक बार राजा मोरध्वज, रानी कुमुद्वती देवी के साथ भ्रमण के लिए निकले और महादेव घाट तट पर रुके थे। सुबह स्नान के लिए जब रानी सखियों संग तट पर गईं, तो वहां पानी में एक पत्थर पर तीन काले सांप देखकर वे डर गईं। जानकारी राजा को मिली, तो वे मौके पर गए और देखने के बाद राजपुरोहितों को भी बुलवाया। उनसे प्राप्त जानकारी के मुताबिक ही राजा ने जब पत्थर को पलटा तो देखकर आश्चर्यचकित हो गए, क्योंकि वह चट्टान नहीं, बल्कि शेर पर खड़ी महिषासुरमर्दिनी अष्टभुजा देवी भगवती की मूर्ति थी। तभी मूर्ति में से आवाज आई, हे राजन! मैं तुम्हारी कुलदेवी हूं। तुम मेरी पूजा करो, मैं स्वयं महामाया हूं। राजा ने अपने पंडितों, आचार्यों और ज्योतिषियों से सलाह ली। उनके बताए अनुसार मां महामाया की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान से पुरानी बस्ती में की गई। मंदिर में मूर्ति बाहर से स्थापित, लेकिन मंदिर में प्रवेश करते ही मां की मूर्ति सीधी दिखने लगती है। मंदिर में बटुक भैरव और काल भैरव भी विद्यमान हैं। दोनों की स्थापना किसी एक मंदिर में बहुत कम देखने को मिलती है, जो मंदिर को दुर्लभ बनाता है।



### प्रदेश के 36 शक्तिपीठों या 36 किलों में से एक



आदि शक्तिपीठ के रूप में श्री राजराजेश्वरी मां महामाया देवी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर का निर्माण 1482 में हैहयवंशी राजा ने करवाया, इसका प्रमाण संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा तैयार किए गए गजट में मिलता है। ट्रस्टी विजय कुमार झा, व्यास नारायण तिवारी और मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला का कहना है, यह छत्तीसगढ़ के 36 शक्तिपीठों या 36 किलों में से एक है। 1400 साल पहले मराठा राजा मोरध्वज ने इसे निर्मित करवाया था। मंदिर में मां महामाया के साथ मां समलेश्वरी विद्यमान हैं। सूर्यास्त के समय सूर्य की किरणें मां महामाया के चरणों को छूती हैं, तो सूर्योदय के समय किरणें मां समलेश्वरी के चरणों को छूती हैं। इसका जीर्णोद्धार नागपुर के मराठा शासकों ने करवाया था, इसके भी प्रमाण मिले हैं।

### कामाख्या से काली मंदिर पहुंचे थे नागा साधु

आदि शक्ति मां महाकाली धाम में सबसे पहले नागा साधुओं ने 1932 में सेवा प्रारंभ की थी। वे कामाख्या से माता के शरीर को खोजने निकले थे। मंदिर ट्रस्ट के सचिव डीके दुबे ने बताया कि अंग्रेजों के जमाने में आकाशवाणी तिराहा क्षेत्र वीरान हुआ करता था। यहां मां महाकाली के अंगों की खोज करते हुए पहुंचे नागा साधुओं ने अभी जहां माता का मंदिर है, वहां मां काली के स्थान के रूप में ही निशान स्थापित की थी। उन्होंने चार महीने तक माता की सेवा की। उनके जाने के बाद से बैरन बाजार के पांडेय परिवार के स्व. मुन्नीलाल पांडेय और इनके बाद स्व. प्रेम लाल पांडेय ने सेवा की। इनके बाद मंदिर ट्रस्ट बनने के बाद मंदिर का संचालन ट्रस्ट के जिम्मेदारों द्वारा की जाती है। यहां लोग प्रदेश ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों से भी माता का दर्शन करने के लिए हर साल आते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला जूनियर वेटलिफ्टिंग चयन 29 को



**रायपुर।** रायपुर जिला जूनियर वेटलिफ़्टिंग पुरुष/महिला टीम की चयन प्रतियोगिता 29 सितंबर को जय सतनाम व्यायाम शाला गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित है। जिसमें 11 से 13 अक्टूबर तक बलौदा बाज़ार में होने वाली 23 वीं जूनियर पुरुष/महिला राज्य स्तरीय वेटलिफ़्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने रायपुर जिला की टीम का गठन किया जाएगा। रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियो की जन्म तिथि 1 जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2005 तक होना चाहिए। चयन प्रतियोगिता में केवल रायपुर जिला के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे अन्य जिला के खिलाड़ियो को चयन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए अपने संबंधित जिला से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

### राज्य रैंकिंग टेटे में अर्जुन समाया और राजदीप विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से 19 से 21 सितंबर तक पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय, कोंडागांव में द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता -2025 हुयी। जिसमें अंतिम दिन सीनियर पुरुष एकल वर्ग तथा जूनियर (अंडर-17) एवं कैडेट (अंडर-13) बालक एवं बालिका एकल वर्ग संपन्न हुयी। सीनियर पुरुष एकल वर्ग तथा जूनियर (अंडर -17) एवं कैडेट (अंडर -13) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कोंडागांव एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष आर.के. जैन ने की। प्रतियोगिता में खेले गये फायनल मैच में सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता राजीव साहू (रायपुर) 4-1 यूथ अंडर -17 (जूनियर) एकल बालक वर्ग-विजेता - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता - दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) 3-2 यूथ अंडर -17 (जूनियर) एकल बालिका वर्ग विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - सिया मेघानी (बिलासपुर) 3-1 यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल बालक वर्ग-विजेता - राजदीप गांगुली (बिलासपुर), उपविजेता- शिखर बागड़े (दुर्ग) 3-0 यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल बालिका वर्ग विजेता -समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - अक्षिता बीनू (बिलासपुर) 3-0 रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी तथा सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी एवं पी.एन. मजूमदार थे। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।

### नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ टीम



**रायपुर।** रांची झारखंड स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में 64 वीं ओपन नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की एथलेटिक्स टीम भी हिस्सा लेगी। टीम में उभरते हुए बेहतरीन एथलीट खिलाड़ी है। जिसमे महिला खिलाड़ी थोटा संकीर्तना 800 मीटर दौड़ में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।100 मीटर दौड़ में बलवर्धक, 200 मीटर दौड़ में शेखर तोमर पीछे प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं। मोहम्मद अनस तारिक गोला फेक में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। तार्निका टेटा एक उभरती हुई लंबी कूद की बेहतरीन एथलीट है जिनके बेहतरीन प्रदर्शन की काफी उम्मीद है। इस टीम के प्रशिक्षक अशोक कुमार पटेल और प्रबंधक आंचल भगत है। टीम के चयनकर्ता में रवि शंकर धनगर रायपुर, डॉक्टर मेजर सिंह दुर्ग, गुरमीत अटवाल बिलासपुर और अरुण कुमार पाल बेमेतरा है।

### बढ़ जाएंगी स्वास्थ्य समस्याएं अगर वक्त रहते नहीं संभले तो

# बच्चों की सेहत को लेकर रहें हमेशा सतर्क दिख जाएं लक्षण तो तुरंत सलाह लें डॉक्टर की

कब्ज की समस्या सबसे ज्यादा बच्चों को होती है, क्योंकि वे अक्सर पोषण से भरपूर आहार से दूर भागते हैं और बाहर की चीजों का ज्यादा सेवन करते हैं। अक्सर लोगों को लगता है कब्ज बड़ों की बीमारी है लेकिन ऐसा है नहीं, छोटे बच्चों का जब पेट साफ नहीं होता, आंतों में खाना चिपक जाता है और पेट फूलने भी लगता है, तब उसे कब्ज की दिक्कत होती है। इसके पीछे कोई उम्र या एक कारण नहीं है।

पेट या लिवर की समस्या, पानी कम पीना, अस्वस्थ भोजन करना, तली हुई चीजों का सेवन या फिर मैदा या जंक फूड पेट में जल्दी हजम नहीं हो पाते। ऐसे में वे अंदर की गंदगी बनकर जमा होने लगते हैं और फिर स्टूल पास करने में दिक्कत होती है। कई बच्चों की पाचन शक्ति बचपन से ही कमजोर होती है, इस वजह से भी यह परेशानी आती है।



### उपाय भी जान लें

अगर आप बच्चे को रोजाना गुनगुने दूध में एक केला मिलाकर दें तो उसका पेट साफ रहेगा। इसके अलावा दूध में हल्दी या शहद डालकर बच्चे को पिलाया जाए तो भी उसका पेट साफ होगा और स्टूल भी आसानी से हो जाएगा। बच्चों को सुबह या फिर दोपहर के भोजन में एक कटोरी भरकर सलाद या फल जरूर खिलाएं। ओट्स, मिलेटस की रोटियां, सूप, ईसबगोल आदि खाद्य पदार्थों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, इसलिए इनको बच्चों के आहार में अवश्य शामिल करें। आप रोजाना सुबह भीगी अंजीर या बादाम भी दूध में मिलाकर या फिर ऐसे ही बच्चे को दे सकती हैं। चाहें तो अंजीर को उबाल कर भी दे सकती हैं। इससे कब्ज में राहत मिलती है। जानकारों के अनुसार, बच्चों को रात में त्रिफला का चूर्ण पानी के साथ देने से भी उनका पेट साफ होता है और पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है।

### कुछ बातों का खास ख्याल

व्यायाम करने से पाचन में मदद मिलती है और बिना किसी दिक्कत के पेट आसानी से साफ होता है। बच्चे के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट तक कोई फिजिकल एक्टिविटी या एक्सरसाइज करना जरूरी है। आप वॉकिंग,



खेलना, योग, दौड़ना, डांस या एरोबिक्स आदि करा सकती हैं। दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स से बच्चे को थोड़ा दूर रखें। मैदा, बाहर की चीजें, तेल, पिज्जा बर्गर, ये सारी चीजें आंतों में चिपक जाती हैं, इसलिए बच्चे के आहार को इनसे मुक्त रखें। बच्चों को खाने में ज्यादा फैट न दें, विटामिन युक्त भोजन ही दें। अगर लंबे समय तक यह समस्या बनी रहती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# सपने में दिखाई देते हैं पूर्वज तो जानिए इसका मतलब

हाल ही में पितृपक्ष गुजरा है। हालांकि अपने पुरखों को हम कभी भी याद कर सकते हैं। माना जाता है कि हमारे पूर्वज पितृ लोक से धरती पर विचरण करते हैं और कई माध्यमों से हमें अच्छे और बुरे का संकेत भी देते हैं। इन्हीं में से एक संकेत है पितरों का हमारे सपने में आना। यदि आपको भी सपने में पूर्वज दिखाई दें, तो इसे अनदेखा न करें। स्वप्न शास्त्र के अनुसार इसका कोई न कोई मतलब जरूर होता है।

### पूर्वजों को बहुत करीब देखना

यदि आप सपने में अपने किसी पूर्वज को स्वयं के बहुत करीब देखते या महसूस करते हैं, तो इसका



मतलब यह होता है कि आपके पूर्वज अभी भी परिवार के मोह को नहीं छोड़ पाए हैं। इसके लिए के नाम से अमावस्या को धूप दिखानी चाहिए साथ ही पितृपक्ष में उनकी आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान करवाना चाहिए।

### सपने में बार-बार पूर्वजों का दिखाई देना

यदि आपको बार-बार पितरों से जुड़े सपने आते हैं तो इसका मतलब उनकी कोई इच्छा अधूरी रह गई है। आपके सपने में आकर वे आपसे कुछ कहना चाहते हैं। ऐसे में आपको अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पाठ करवाना चाहिए। साथ ही उनके नाम से दान-पुण्य करना चाहिए।

### प्रसन्न मुद्रा में पूर्वज का दिखाई देना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार यदि आपके सपने में पूर्वज प्रसन्न मुद्रा में या आशीर्वाद देते हुए दिखाई देते हैं तो यह शुभ संकेत है। ऐसे सपने का मतलब आपके पूर्वज आपसे खुश हैं और उन्होंने आपके श्राद्ध को स्वीकार कर लिया है।



# तनाव में नेगेटिव बातें सोचने से पहले अपनाएं ये स्टेप्स

वर्क स्ट्रेस के कारण क्या आपके भी मन में नेगेटिव ख्याल आता है? अगर हां तो किसी भी तरह के गलत कदम उठाने से पहले एक्सपर्ट के बताए इन बातों को जरूर फॉलो करें। इससे स्ट्रेस दूर करने में मदद मिलेगी

काम जरूरी है लेकिन काम के दौरान प्रेशर इनता बढ़ जाता है कि कई बार यह निराशा और अवसाद का कारण बन जाता है। यही डिप्रेशन मन में गलत विचारों को पैदा करता है और व्यक्ति आत्महत्या जैसी कदम उठाने लगता है। अभी हाल ही में खबर सामने आई है कि काम के दबाव के कारण एक लड़की ने मौत को गले लगा लिया। ऐसे में जरूरी है कि अगर किसी भी व्यक्ति को कम का दबाव महसूस हो तो वक्त रहते ही इसकी गंभीरता को समझा जाए,और इससे निपटने के लिए उपाय किए जाएं।

वैसे तो योग, प्राणायाम जैसी कई सारी क्रियाएं हैं जो मन को शान करती है, लेकिन जरूरी है कि वर्क स्ट्रेस के कारण को समझकर उनका निदान किया जाए। अगर आप भी वर्क स्ट्रेस से परेशान हैं और मन में गलत ख्याल आते हैं तो आपको एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स जानना चाहिए, जिससे आपकी टेंशन दूर होगी।

### वर्क स्ट्रेस से दूर रहने के उपाय

एक्सपर्ट बताते हैं कि काम के साथ जिम्मेदारियां का दबाव स्वाभाविक है, लेकिन ऐसा लगे कि वर्क स्ट्रेस के कारण आपके जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है तो खुलकर बात करना जरूरी ह। एक बार अपने एचआर से अपनी चिताओं को साझा कीजिए, हो सकता है कि उनके पास आपकी समस्या का कोई समाधान हो। आपका प्रयास आपकी ही तरह अन्य कई लोगों को भी उसे तरह की समस्या से बचा सकता है। हर व्यक्ति की काम करने की अपनी क्षमता और अपना तरीका होता है, इसलिए किसी अन्य के प्रदर्शन के कारण दबाव में ना आएं। किसी अन्य से आपके काम की तुलना नहीं की जा सकती। अगर आप खुद की तुलना करने की भावना से दूर रहें तो कई तरह के स्ट्रेस से खुद को दूर रख पाएंगे। ऐसे लोगों से दूर रहे जो अक्सर किसी की तुलना करते रहते हैं। काम के चक्कर में अक्सर लोगों को घर से दूर रहना पड़ता है, जो की सबसे घातक है।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## चार्ली किर्क की हत्या पर बयान पड़ा महंगा, जिमी किमेल शो हुआ बंद

अमेरिकी मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर टॉक शो जिमी किमेल लाइव को अचानक ऑफ एयर कर दिया गया है। ये फैसला ए बी सी नेटवर्क ने तब लिया जब शो के होस्ट जिमी किमेल ने रिपब्लिकन नेता चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दे दिया। इस कदम ने न केवल मीडिया इंडस्ट्री बल्कि अमेरिकी राजनीति में भी हलचल मचा दी है।




मामला तब शुरू हुआ जब जिमी किमेल ने अपने शो में चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे टायलर रॉबिन्सन पर टिप्पणी की। किमेल ने दावा किया कि रॉबिन्सन पहले ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन रहा होगा और 'मैगा गिरोह' इस बात को छिपाने की कोशिश कर रहा है। उनकी इस टिप्पणी के तुरंत बाद दक्षिणपंथी समूहों ने उन्हें निशाने पर ले लिया। सोशल मीडिया पर उन्हें कठोर शब्दों में ट्रोल किया गया और यह मामला राजनीतिक रंग ले बैठा। फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन (एफसीसी) के अध्यक्ष ब्रेंडन कार ने किमेल के बयान को गलत और घटिया आचरण बताया। उन्होंने संकेत दिया कि अगर एबीसी ने कार्रवाई नहीं की तो उनका प्रसारण लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। वहीं, अमेरिका की सबसे बड़ी प्रसारण कंपनियों में शामिल नेक्सस्टार ने भी किमेल की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए शो का प्रसारण रोकने का ऐलान कर दिया। नेक्सस्टार के अधिकारियों का कहना था कि ऐसी टिप्पणियों को मंच देना समाजहित में उचित नहीं है। किमेल का शो 2003 से लगातार चल रहा था और डिज्नी के स्वामित्व वाले एबीसी नेटवर्क का प्रमुख कार्यक्रम माना जाता था।

### टॉलीवुड

## लोका चैप्टर-1' की ओटीटी रिलीज पर सलमान ने दिया बड़ा अपडेट

कल्याणी प्रियदर्शन की अदाकारी वाली फिल्म 'लोका चैप्टर 1' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई है। यह फिल्म 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एक महीने के अंदर ही फिल्म ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 271 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अफवाहें थीं कि फिल्म जल्द ही ओटीटी पर आएगी। हालांकि फिल्म के निर्माता दुलकर सलमान ने इसके ओटीटी रिलीज की अफवाहों का खंडन किया है। दुलकर सलमान ने अपने एक्स अकाउंट पर अफवाहों का खंडन किया। उन्होंने साफ किया कि 'लोका' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज नहीं होगी। उन्होंने लिखा, 'लोका जल्द ही ओटीटी पर नहीं आ रही है। फर्जी खबरों पर ध्यान न दें और आधिकारिक घोषणाओं के लिए तैयार रहें! जल्दबाजी क्या है।' उनके प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स ने भी इसे री पोस्ट किया। प्रशंसक यह खबर सुनकर बहुत खुश हुए और उन्होंने पोस्ट पर कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा 'जब कोई फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही हो, तो उसको ओटीटी पर रिलीज नहीं करना चाहिए।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'सर, हर फिल्म के लिए 12 हफ्तों की ओटीटी डील जरूरी कर दीजिए। आपकी इंडस्ट्री कम से कम एक दशक तक बचत करेगी।' दुलकर और प्रोडक्शन हाउस ने अभी तक यह नहीं बताया है कि 'लोका' आखिरकार किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। डोमिनिक अरुण के निर्देशन में बनी फिल्म 'लोका चैप्टर 1' सुपरहीरो वाली फिल्म है। कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म में चंद्रा की भूमिका निभाई है जिसके पास शक्तियां हैं। इसके अगले भाग में टोविनो थॉमस मुख्य भूमिका में होंगे। वह चथन नामक एक भूत का किरदार निभा रहे हैं। दुलकर सलमान को भी फिल्म में चार्ली नामक एक आकार बदलने वाले व्यक्ति की भूमिका निभाते हुए देखा जा सकता है।



### छॉलीवुड

## 'बिलासा दाई' जसगीत में झूमते नजर आए कौशिक, सराहा पारकर का प्रयास

दुर्गा प्रसाद पारकर एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी भक्तिमय जसगीत 'बिलासा दाई' एलबम भजन माता रानी जी के चरणों में समर्पित है। इस गीत में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और बिल्हा से विधायक धरमलाल कौशिक भी जसगीत पर झूमते नजर आते हैं। वहीं गीतकार और इस एलबम के प्रस्तुतकर्ता दुर्गा प्रसाद पारकर के साथ कई प्रमुख लोग माता की भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। इस एलबम को व्यापक सराहना मिल रही है। इस एलबम के निर्माता केतन पारकर निर्देशक एवं संगीतकार उत्तम तिवारी, गायक दुकालू यादव, कोरियोग्राफर बिलास राउत वीडियोग्राफर एडिटर सुनील वर्मा, प्रमोटर नवीन मालाकार, वीडियो रिकार्डिंग कार्तिक साहू स्वरांजलि स्टुडियो रायपुर,पोस्टर डिज़ाईन मंडल ग्राफिक्स, पोस्ट प्रोडक्शन - नेकोन फिल्म्स दुर्ग, प्रेरणास्त्रोत - विजय बघेल सांसद दुर्ग लोक सभा, कलाकार कुलेश्वर प्रसाद निषाद, भरत राणा, डॉ.गणेश कौशिक, कोमल निषाद, द्रुपत मुन्ना निषाद,गैमलियल ग्राहम, आभार- विष्णु विराट कैवर्त, समारू राम कैवर्त, दीपक केवट,सुखऊ राम प्रजापति,जयसिंह यादव एवं समस्त ग्रामवासी जोंधरा,जिला बिलासपुर, वाद्ययंत्र एवं वादक, रिदम गुड्डु,कमल पटेल, हेमलाल यादव, आक्टोपेड अजीत सिन्हा, बांसुरी-शहनाई - भोला यादव, की बोर्ड अरेंजर राजेश साहू, रिकार्डिस्ट कार्तिक साहू, मिक्सिंग मास्टरिंग कार्तिक साहू का योगदान है।






बोरिंग जिम और एक्टिववियर के दिन अब लद गए हैं। आमतौर पर लोग इन कपड़ों को कई तरह के आयोजनों और गतिविधियों में पहनते हैं, इसलिए युवा ऐसे कपड़ों की तलाश में हैं जो उनकी व्यक्तिगत शैली को उजागर करें। चटख रंग और बोल्ड डिटेलिंग बेहद आम होते जा रहे हैं। 2025 में खुले ज़िपर, कटआउट और कलर-ब्लॉक कंपोनेंट्स वाले वर्कआउट पीस ट्रेंड में है।

## चाहिए निखरती त्वचा तो ऐसे करें आइस वाटर फेशियल

कई बार जब हम बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को देखते हैं तो उनकी दमकती त्वचा को देखकर सोचते हैं कि काश ऐसी ग्लोइंग स्किन हमारी भी होती। बहुत सी अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो रील लाइफ में तो खूबसूरत दिखती ही हैं, इसके साथ ही वो असल जिंदगी में भी कमाल की लगती हैं। उनकी निखरती त्वचा लोगों को उनका दीवाना बनाती है। इन्हीं अभिनेत्रियों में आलिया भट्ट का नाम शामिल है। आलिया भट्ट अपने क्यूट फेस के साथ-साथ अपनी ग्लोइंग त्वचा की वजह से काफी फेमस हैं। उन्होंने कई इंटरव्यू में बताया है कि वो महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की बजाए घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करती है। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वो आइस फेशियल करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने आइस फेशियल को घर पर करने का सही तरीका बताया है। अगर आपको भी आलिया भट्ट के जैसी त्वचा चाहिए तो आप घर पर आइस वाटर फेशियल कर सकती हैं।



### सबसे पहले जानें क्या है आइस फेशियल

घर पर आइस फेशियल करना बेहद आसान है। इसके लिए आपको बर्फीले पानी में अपना चेहरा 5 सेकेंड के लिए डुबो कर रखना है। इसमें समय की पाबंदी नहीं है। आप अपनी क्षमता के हिसाब से भी चेहरे को पानी में डुबो सकती हैं। चेहरे को पानी में डुबोते वक्त ये भी ध्यान रखें कि अगर आप ज्यादा देर तक चेहरा डुबाकर रखेंगे तो इससे स्किन पर जलन पड़ सकती है।

### कब कर सकते हैं आइस फेशियल

अगर आप हैवी मेकअप करने का सोच रही हैं तो उससे पहले ये फेशियल ज्यादा असरदार रहता है। इसे करने के त्वचा के पोर्स छोटे हो जाते हैं, जिस वजह से मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है। अगर आप आइस फेशियल लेने का सोच रही हैं तो पहले चेहरे को अच्छे से साफ जरूर कर लें। अगर आपकी त्वचा काफी ड्राई है तो आइस फेशियल से आपकी परेशानी बढ़ सकती है। ऐसे में ड्राई स्किन वाले इससे दूर रहें।

## शॉर्ट कुर्ती को स्टाइलिश बनाएंगे ये स्लीव्स डिजाइंस, यहां देखें ट्रेंडी लुक



स्लीव्स कुर्ती को स्टाइलिश बनाने का काम करती है। इसलिए इसके डिजाइन पर भी बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है। अगर आप भी नए डिजाइंस की तलाश में हैं, तो यह लेख मददगार साबित हो सकता है। जब भी कंफर्टेबल कपड़े की बात होती है, तो कुर्ती को जरूर शामिल किया जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है जिसे हर मौसम में आसानी से वियर किया जाता है। इसलिए हमारे वार्डरोब में कुर्तियों की भरमार होती है, लेकिन इसके बाद भी हमारे नए कपड़े बनाने की ख्वाहिश कम नहीं होती। इसलिए हमेशा कुर्ती के नए-नए डिजाइन तलाशते रहते हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो फैब्रिक से कुर्ती डिजाइन करवाते हैं। हालांकि, कुर्ती के डिजाइन सेलेक्ट करना आसान है, लेकिन स्लीव्स के डिजाइन कुछ खास समझ में नहीं आते। इसलिए हम आपके लिए कुछ ऐसे स्लीव्स के डिजाइन लेकर आए हैं, जिनकी मदद से कुर्ती को स्टाइलिश बनाया जा सकता है।





### फुल स्लीव्स

यह डिजाइन में सबसे क्लासिक स्टाइल में से एक है। यह आस्तीन कंधे से शुरू होकर कलाई तक पूरी तरह ढकी होती है। इससे कुर्ती को बहुत ही सुंदर लुक मिलता है। फुल स्लीव्स की शॉर्ट कुर्तियां हर मौसम में वियर की जा सकती हैं। अगर आप के लिए ऑफिस वियर ऑप्शन तलाश रहे हैं, तो यह डिजाइन सेलेक्ट किया जा सकता है। इस डिजाइन की खासियत यह है कि यह न केवल पारंपरिक अवसरों के लिए, बल्कि ऑफिस वियर, कैजुअल वियर और पार्टी वियर के रूप में भी पहनी जा सकती है। फुल स्लीव्स को अलग-अलग फैब्रिक जैसे- सिल्क, कॉटन, जॉर्जेट और शिफॉन के साथ भी बनाया जा सकता है।

### थ्री-क्वार्टर स्लीव्स


थ्री-क्वार्टर स्लीव्स एक ऐसी आस्तीन होती है, जो कंधे से शुरू होकर कोहनी से थोड़ी नीचे तक आती है।

## ऑयली स्किन के लिए हरी मूंग दाल का करें इस्तेमाल

जब बात स्किन केयर की होती है तो ऐसे में हर कोई बेस्ट ही चाहता है। इसके लिए हम मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन स्किन की केयर करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि हम नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करें। इन्हीं में से एक है हरी मूंग दाल। हरी मूंग दाल एक एक्सफोलिएंट के रूप में काम करती हैं, जिसके कारण आपकी स्किन गहराई से क्लीन होती है। इतना ही नहीं, इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी स्किन का ख्याल रखते हैं। हरी मूंग दाल आपके स्किन पोर्स को क्लॉग होने से रोकता है। साथ ही, इसमें नेचुरल ब्लीचिंग गुण आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में आप हरी मूंग दाल को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

मूंग दाल और टमाटर के रस का इस्तेमाल

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में आप मूंग दाल के साथ टमाटर के रस को मिक्स करके अप्लाई कर सकती हैं। मास्क बनाने के लिए आप सबसे पहले हरी मूंग दाल को



लगभग 2-3 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। अब अतिरिक्त पानी निकालकर इसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब इसमें टमाटर का रस और दही डालकर मिक्स करें। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन को एक्सफोलिएट (जंवा त्वचा के लिए फेस पैक) करने के साथ-साथ उसे ग्लोइंग भी बनाता है। इन्हें अच्छी तरह मिक्स करने के बाद अपने चेहरे को क्लीन करें। तैयार पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और करीबन 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से चेहरा साफ करें और फिर स्किन को मॉइश्चराइज करें।

## इंस्टेंट ग्लो के लिए अपनाएं नेचुरल तरीके

चेहरे की खूबसूरती हर महिला के लिए उतनी ही अहम होती है जितना आने वाला दिवाली का त्योहार। इस दिन हर को सबसे अलग और खूबसूरत दिखना पसंद करती है। कई सारी महिलाएं तो ऐसी होती हैं तो इस दिन के लिए महीने भर पहले से ही स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर देते हैं। अगर आपको भी चाहिए नेचुरल ग्लो तो इसके लिए आप इन घरेलू तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।

### बेसन और रोज वाटर का करें इस्तेमाल

कई सारे ऐसे घरेलू नुस्खे होते हैं जिनका इस्तेमाल हम नेचुरल ग्लो के लिए करते हैं। इनमें से आप बेसन और रोज वाटर को चेहरे पर अप्लाई कर सकती हैं। ऐसी इसलिए क्योंकि बेसन में एक्सफोलिएटिंग एजेंट मौजूद होते हैं जो डेड स्किन को हटाते हैं। इसके अलावा स्किन को इवन करता है। वहीं रोज वाटर स्किन को हाइड्रेट करता है।

### बेसन और रोज वाटर का पैक बनाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें। अब इसमें 1 चम्मत रोज वाटर एड करें। फिर इन दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करें। इसके



बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर अप्लाई करें। फिर 15-20 मिनट के लिए ड्राई (स्किन मॉइश्चराइजर) होने के लिए छोड़ दें। अब चेहरे को पानी से साफ कर लें। इससे आपकी स्किन नेचुरल ग्लो करने लगेगी। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में एक बार कर सकती हैं।

### खीरे के फेस मास्क का करें इस्तेमाल

खीरा स्किन के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसके इस्तेमाल से स्किन हाइड्रेट रहती है और नेचुरल ग्लो करती है। आप भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें मिनरल्स और विटामिन्स पाए जाते हैं जो स्किन को हेल्दी रखते हैं।

कार्नर न्यूज

### कीमतों में फर्क होने की वजह से महिलाएं अपना रही हर तरह की ज्वेलरी

## सोना-चांदी नहीं, महिलाओं को पसंद आ रही आर्टिफिशियल ज्वेलरी

खूबसूरती को बढ़ाने के लिए मेकअप ही नहीं, बल्कि गहने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए किसी विशेष अवसर पर कुछ खास दिखने के लिए नए ट्रेंड्स को जानना जरूरी होता है। आजकल फ्यूजन लुक चलन में है। शादी का सीजन हो या फिर त्योहार का, गहनों के बिना महिलाओं का श्रृंगार अधूरा होता है। महिलाओं को फैशनेबल कपड़े के साथ ट्रेंडिंग ज्वेलरी पहनना बहुत पसंद होता है, लेकिन सोने की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण महिलाओं के बीच आर्टिफिशियल ज्वेलरी इन दिनों काफी ट्रेंड कर रही हैं। शादियों और त्योहारों का सीजन आने वाला है। अगर आप भी नए और लेटेस्ट ट्रेंड के साथ अपने लुक को और भी ज्यादा बेहतर बनाना चाहती हैं तो आपको अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज को अपने लुक के साथ मैच करना होगा। आइए जानते हैं ज्वेलरी के लेटेस्ट ट्रेंड्स।

### विंटेज ज्वेलरी

ज्वेलरी का चलन लगातार विकसित हो रहा है लेकिन कुछ





ऐसी ज्वेलरी भी हैं, जो हमेशा पसंद की जाती हैं। इनमें से एक है विंटेज ज्वेलरी। इसे क्लासिक्स ज्वेलरी या ट्रेडिशनल ज्वेलरी भी कहा जाता है। विंटेज ज्वेलरी के प्रति लगाव, सोने के प्रति प्रेम और रत्नजड़ित पत्थरों की लोकप्रियता साल-दर- साल बढ़ती ही जा रही है, ये गहने काफी रिच और रॉयल लुक देते हैं। विंटेज ज्वेलरी कभी भी चलन से बाहर नहीं होती है। आप अपनी मां और दादी के गहनों को भी एकदम नया लुक दे सकती हैं।

### इवैल आई ज्वेलरी

आपने एक कहावत सुनी होगी कि किसी की नजर न लगे। प्राचीन समय से हमारे समाज में बुरी नजर से बचाने के लिए इस ज्वेलरी का उपयोग होता आ रहा है। कुदृष्टि नाम से मशहूर आंख के आकार में बने ये चार संकेंद्रित वृत्त बुरी नजर से बचने के लिए पहना जाता है। आजकल इसका चलन भी काफी देखने को मिल रहा है और आप भी इसे अब ब्रेसलेट, ईयररिंग, मंगलसूत्र को स्टाइल करके पहन सकती हैं।

### पर्ल ज्वेलरी

पर्ल ज्वेलरी का फैशन भी हजारों सालों से चला आ रहा है। यह आपको रॉयल लुक देती है। आपको बाजार में पर्ल ज्वेलरी की ढेरों ट्रेंडी डिजाइन्स देखने को मिल जाएंगी। आप ट्रेडिशनल रानी हार, जोधा हार, चोकर हार को त्योहारों में लहंगे, साड़ी और हैवी सूट के साथ पहनकर अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं। पर्ल ज्वेलरी की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि इसे आप ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं।

### चांद बालियां ईयररिंग

अगर आप हैवी ज्वेलरी नहीं पहनना चाहती हैं तो आप चांद बालियां पहन सकती हैं। चांद बालियों का फैशन काफी समय से चला आ रहा है और बीते कुछ वर्षों में इसमें बहुत सारे नए प्रयोग और ट्रेंड्स देखने को मिले थे। इस साल भी चांद बालियों की लेटेस्ट डिजाइंस काफी ट्रेंड में रहेंगी। इस बार चांद बालियों में और भी ज्यादा डिजाइनर लुक देखने को मिलेंगे। आप पर्ल, कुंदन और जरकन के काम वाली चांद बालियों को पहन सकती हैं।

### डायमंड ज्वेलरी

डायमंड ज्वेलरी पहन कर आप रिच लुक पा सकती हैं। डायमंड ज्वेलरी साड़ी और लहंगे और हैवी सूट सेट के साथ काफी अच्छे लगते हैं। आजकल डायमंड ज्वेलरी में रोजगोल्ड कलर और पिंक कलर काफी ट्रेंड कर रहे हैं। आप डायमंड नेकलेस सेट के साथ कॉकटेल रिंग पहनकर ट्रेंडी लुक पा सकती हैं।